प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक
मोर्निंग सिटी
सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 28, 20 सितम्बर से 26 सितम्बर, 2026 | मूल्य- 10 रुपये | पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म
मोर्निंग सिटी

खबर संक्षेप

गृहमंत्री शाह हुए फूड प्वाइजनिंग के शिकार

हुबली/बेलगावी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि शनिवार को कर्नाटक में दो कार्यक्रमों में शामिल होने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 'खाद्य विषाक्तता' यानी फूड प्वाइजनिंग हो गई थी, लेकिन अब वे 'पूरी तरह ठीक' हैं। शाह को हुबली के गबूर में केएलई जगद्गुरु गंगाधर महास्वामीगलु मूरुसाविरमठ चिकित्सा महाविद्यालय की नयी शैक्षणिक इमारत और 1,200 बिस्तरों वाले केएलई अस्पताल एवं चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करना था लेकिन वह इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुए। स्थानीय नेताओं ने हालांकि, बताया कि दिल्ली के लिए हवाई अड्डा जाने से पहले शाम को उन्होंने परिसर का दौरा किया।

आतंकी हमला : तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

जम्मू। अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सांबा दौरे से पहले जम्मू में हुए आतंकवादी हमले के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों की संयुक्त जमानत याचिका विशेष अदालत ने खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि 21 और 22 अप्रैल 2022 की मध्यरात्रि को जम्मू के बाहरी इलाके सुंजवां में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के वाहन पर हुए हमले में एक सहायक उप-निरीक्षक (एसएसआई) शहीद हो गया था और कई सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो हमलावरों को बाद में जवाबी कार्रवाई में मार गिराया गया था और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया था। दोनों पाकिस्तानी नागरिक थे।

कोलकाता : कमांडो ने लगाई बैरक में फांसी

कोलकाता। कोलकाता पुलिस का एक कमांडो शनिवार को यहां पुलिस प्रशिक्षण स्कूल (पीटीएस) के एक शौचालय के अंदर फंदे से लटका पाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान दीपक तमांग (49) के रूप में हुई है, जो कमांडो बैरक की चौथी मंजिल के शौचालय में एक ओवरहेड पाइपलाइन से लटके हुए पाये गये। तमांग राज्य के उत्तरी हिस्से के कलिम्पोंग जिले के रहने वाले थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार, शौचालय कुछ समय से अंदर से बंद था, जिससे उनके साथियों को संदेह हुआ। जब बार-बार आवाज देने पर भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला, तो साथियों ने दरवाजा तोड़ा और तमांग को अंदर फंदे से लटका हुआ पाया।

विकसित भारत बनाने में आप जैसे युवाओं का बड़ा रोल

रोजगार मेला : प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 20वें रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 51 हजार से ज्यादा नवनियुक्त युवाओं को विभिन्न सरकारी संगठनों में नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान देशभर में 45 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने नवनियुक्त युवाओं को संबोधित भी किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि देश में त्योहारी सीजन शुरू हो गया है और इन उत्सवों के बीच आज हजारों परिवारों के जीवन में नई खुशी आई है। उन्होंने कहा कि देशभर में 51 हजार से ज्यादा युवा आज सरकारी सेवा में शामिल हो रहे हैं।

अब तक 12.75 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र

आज जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं उनकी नियुक्तियां केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों और संगठनों में हुई हैं। रोजगार मेला देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थी केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों में काम शुरू करेंगे। इनमें राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग और रक्षा मंत्रालय शामिल हैं। अब तक अलग-अलग विभागों और सरकारी संगठनों में करीब 12.75 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।

अक्टूबर 2022 से शुरू हुआ था रोजगार मेला

प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब पीएम ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के आखिर तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना था। लोकसभा चुनाव से पहले 12 फरवरी 2024 को 12वां रोजगार मेला आयोजित हुआ था, जिसमें सबसे ज्यादा 1 लाख जॉब लेटर बांटे गए थे। 11 लाख का आंकड़ा 2025 में पूरा हुआ था।

उन्होंने कहा कि युवा ऐसे समय में भारत सरकार का हिस्सा बन रहे हैं, जब देश 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के बड़े लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

दुनिया को भारत से उम्मीदें

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवाओं की प्रतिभा और कौशल ने पूरी दुनिया का भरोसा जीता है। दुनिया को भारत के इनोवेटर्स, उद्यमियों और युवा शक्ति से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स के साथ भारत ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सहयोग केवल सरकारों तक सीमित न रहे, बल्कि उद्यमी, किसान, महिलाएं और युवा भी इस साझेदारी में सक्रिय भागीदार बनें।

रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर कसेगा शिकंजा

भारत पर खतरा, ट्रंप ने किया 100% टैरिफ वाला बिल साइन

नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को रूस और उससे तेल खरीदने वालों पर शिकंजा कस दिया है। उन्होंने 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट' पर हस्ताक्षर किए हैं। ऐसा करके इसे कानून बना दिया गया है। इससे उनके प्रशासन को रूस और उन देशों पर प्रतिबंध और टैरिफ लगाने के लिए ज्यादा अधिकार मिल गए हैं जो रूस से बड़े पैमाने पर तेल और गैस खरीदते रहते हैं।

व्हाइट हाउस ने कहा कि यह कानून रूस के खिलाफ कानूनी प्रतिबंधों, टैरिफ और रोक के दायरे को बढ़ाता है। साथ ही ईरान पर मौजूदा प्रतिबंधों को पांच साल के लिए और बढ़ा देता है। यह कानून भारत के लिए अहम है। कारण है कि नई दिल्ली रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक है। हालांकि, यह कानून भारतीय सामानों पर अपने आप 100% टैरिफ नहीं लगाता है। इसके बजाय, यह ट्रंप प्रशासन के लिए कुछ खास शर्तों के तहत ऐसे टैरिफ लगाने का कानूनी रास्ता बनाता है।

- नया कानून बनने से प्रतिबंध और टैरिफ लगाने के लिए मिले ज्यादा अधिकार

भारत पर पहले लग चुका 50% टैरिफ

यह पहला मौका नहीं है, जब अमेरिका ने भारत पर बड़े पैमाने पर टैरिफ लगाने को लेकर कदम उठाया है। पिछले साल अगस्त महीने में भी इस संबंध उसने नई दिल्ली पर दुनिया में सर्वाधिक 50% टैरिफ लगाया था। जिसे मौजूदा वर्ष के दूसरे महीने में घटाकर 18% कर दिया गया है। अभी अमेरिकी टैरिफ 10% है। यहां बता दें कि 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से भारत रूस से बड़े पैमाने पर छूट के साथ कच्चे तेल की खरीद कर रहा है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से वर्तमान में नई दिल्ली द्वारा अपनी कुल आवश्यकता का 40% से अधिक कच्चा तेल मास्को से खरीदा जा रहा है।

यह कहा है भारत ने

भारत ने बार-बार रूस से तेल खरीदने के अपने फैसले का बचाव किया है। उसका कहना है कि उसकी ऊर्जा नीति अपनी आबादी के लिए सस्ती और भरोसेमंद सप्लाई सुनिश्चित करने की जरूरत पर आधारित है। नई दिल्ली ने कहा कि वह इस मामले में आगे होने वाली गतिविधियों पर नजर रख रही है। अपने लोगों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वह पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

भारत के लिए 100% टैरिफ का क्या मतलब है?

जीटीआरआई के संस्थापक और व्यापार मंत्रालय के पूर्व अधिकारी अजय श्रीवास्तव के अनुसार, यह कानून भारत पर दबाव बनाने की एक चाल है। बीबीसी के अनुसार, उन्होंने कहा, 'यह बिल भारत पर एकतरफा शर्तों पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव डालने की सीधी और खतरनाक कोशिश है। भारत 1.4 अरब लोगों के लिए सस्ती ऊर्जा पाने के लिए रूस से तेल खरीदता है। न कि युद्ध को फंड देने के लिए। उन्होंने आगे कहा, '100% तक के टैरिफ से भारतीय एक्सपोर्टरों और अमेरिकी उपभोक्ताओं को नुकसान होगा। व्यापार में रुकावट आएगी। अगर अमेरिका नए कानून के तहत भारतीय सामानों पर भारी टैरिफ लगाता है तो इसका सबसे बड़ा असर रूसी कच्चे तेल की कीमत पर सीधे पड़ने के बजाय अमेरिका को होने वाले भारतीय एक्सपोर्ट पर पड़ेगा।

एच-1बी वीजा : ट्रंप ने साल भर के लिए बढ़ाया शुल्क

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा पर विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने वाले नियोक्ताओं पर लगने वाली 1,00,000 अमेरिकी डॉलर की फीस को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी. यह फीस पहली बार 2025 में लगाई गई थी और इसी महीने इसकी अवधि खत्म होने वाली थी। जारी राष्ट्रपति की घोषणा में ट्रंप ने कहा कि 2025 के इस फैसले के बाद बड़ी आईटी आउटसोर्सिंग कंपनियों की ओर से एच-1बी रजिस्ट्रेशन में 92 फीसदी की गिरावट आई है। एच-1बी वीजा कार्यक्रम के सबसे बड़े लाभार्थी समूह में भारतीय अब भी सबसे आगे हैं। ट्रंप ने कहा, '2025 की घोषणा का विस्तार अमेरिका के आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा करना जारी रखेगा, अमेरिकी कर्मचारियों और ग्रेजुएट्स के लिए श्रम बाजार तक पहुंच में सुधार करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि नियोक्ता जरूरत पड़ने पर कार्यक्रम के मूल उद्देश्य के अनुरूप केवल सबसे अधिक कुशल और जरूरी विदेशी कर्मचारियों की भर्ती करें।' ट्रंप ने एच-1बी वीजा आवेदनों की जांच को सख्त करने के लिए एक अलग घोषणा भी जारी की है।

केरल नौसेना अकादमी में बांग्लादेशी हुआ गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। केरल की एझिमाला नौसेना अकादमी में फर्जी कागजात से भारतीय नागरिक बनकर काम कर रहे बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 32 साल के बिप्लब सोरेन के रूप में हुई है। वह अकादमी के लॉन्ड्री सेक्शन में कॉन्ट्रैक्ट वर्कर था। नौसेना अधिकारियों ने शुक्रवार रात करीब 8:15 बजे उससे पूछताछ की। उसके कागजात की जांच के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, वह बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहा था। नौसेना अधिकारियों को बिप्लब के व्यवहार पर शक हुआ था। इसके बाद उस पर नजर रखी गई। इसके बाद हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान उसके मोबाइल फोन से ऐसे दस्तावेज और जानकारी मिली, जिनसे उसके बांग्लादेशी नागरिक होने का संकेत मिला।

राहुल एक पागल व्यक्ति हैं: असम सीएम

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम विधानसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार की गिरफ्तारी के बाद 'लोकतंत्र की हत्या' वाली टिप्पणी को लेकर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष पर निशाना साधा और कहा कि 'राहुल गांधी एक पागल व्यक्ति हैं, कभी आप उन्हें दाढ़ी के साथ देखते हैं, तो कभी बिना दाढ़ी के दिखाई देते हैं'। शर्मा ने 19 साल पुराने मामलों के सिलसिले में कांग्रेस उम्मीदवार की गिरफ्तारी का बचाव करते हुए कहा कि यह 'पुलिस का कर्तव्य' था। पश्चिम बंगाल पुलिस ने बताया कि प्रधान को चार लंबित गिरफ्तारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया। ये वारंट गैर-जमानती मामलों में कथित संलिप्तता को लेकर जारी किए गए थे, जिनमें 2007 के नंदीग्राम भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के दौरान दर्ज दंगा, हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण और आपराधिक धमकी से जुड़े मामले शामिल हैं।

बंगाल उपचुनाव, सुबह कहा- नहीं लड़ूंगा, दोपहर में बोले- लड़ूंगा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के रेजीनगर उपचुनाव में सियासी ड्रामा जारी है। शनिवार सुबह चुनाव मैदान से हटने की घोषणा करने वाले 'ममता टीएमसी' के उम्मीदवार रबीउल आलम चौधरी ने कुछ ही घंटों के भीतर अपना फैसला बदल लिया है। पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी से टेलीफोन पर हुई सीधी बातचीत और उनके आश्वासन के बाद रबीउल अब उपचुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं। शनिवार को नामांकन वापसी की अंतिम समय सीमा (दोपहर 3 बजे) समाप्त होने के ठीक पहले यह नाटकीय मोड़ आया। चौधरी ने कहा कि वह पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी की इच्छा के अनुसार छह अक्तूबर को होने वाला उपचुनाव लड़ेंगे। बता दें, यह घटनाक्रम ममता बनर्जी की पार्टी की नंदीग्राम उपचुनाव उम्मीदवार संचिता प्रधान डे के नामांकन वापस लेने के एक दिन बाद हुआ। संचिता ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात के बाद अपनी उम्मीदवारी

- रेजीनगर उपचुनाव में नाटकीय मोड़

यह कहा था आलम ने पहले

रबीउल आलम चौधरी पहले टीएमसी विधायक रह चुके हैं। उन्होंने दोपहर में अपने मुर्शिदाबाद स्थित घर पर पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, मेरे लिए जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार करना मुश्किल होता जा रहा है। इन कार्यकर्ताओं को लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इतने कम समय में मतदाताओं को नए 'फुटबॉलर' चुनाव चिह्न से परिचित कराना भी एक बड़ी मुश्किल है। ऐसी स्थिति में मैंने कल रात ममता दीदी को अपने फैसले की जानकारी दी थी कि मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। देखते हैं।

अब क्या कहा?

हालांकि, कुछ घंटे बाद चौधरी ने जल्दबाजी में एक और प्रेस वार्ता बुलाई। इसमें उन्होंने कहा, मैं उपचुनाव लड़ूंगा। पार्टी प्रमुख के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने मुझे सुरक्षा का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा, मैंने अपनी पार्टी प्रमुख से बात की। उन्होंने मुझे और मेरे कार्यकर्ताओं को भी चुनाव प्रचार के दौरान सुरक्षा देने का भरोसा दिया है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि हमारे किसी भी कार्यकर्ता को प्रताड़ना का सामना न करना पड़े। मेरे पास अगर 10 कार्यकर्ता भी हैं, तो मैं जीतूंगा।

उड़ानें प्रभावित, देरी- कैंसिलेशन से यात्री परेशान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर शनिवार को ऑपरेशनल दिक्कतों के चलते स्पाइसजेट की कई फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। कुछ फ्लाइट्स में देरी हुई, जबकि कुछ रद्द भी की गईं। इसके कारण सैकड़ों यात्री परेशान हुए। दिल्ली एयरपोर्ट ने सोशल मीडिया पोस्ट में यात्रियों से माफी मांगी। एयरपोर्ट के मुताबिक, ग्राउंड स्टाफ प्रभावित यात्रियों को जरूरी मदद दे रहा है और स्पाइसजेट के साथ मिलकर काम कर रहा है। ऑपरेशनल दिक्कतें क्या हैं, इस पर स्पाइसजेट की ओर से फिलहाल कोई बयान नहीं आया है। स्पाइसजेट की उड़ानों में पिछले कुछ दिनों में लगातार देरी की घटनाएं सामने आई हैं। 15 सितंबर को दिल्ली से दुबई जाने वाली दो फ्लाइट्स में घंटों की देरी हुई थी। इनमें एक फ्लाइट करीब 30 घंटे और दूसरी करीब 19 घंटे की देरी से रवाना हुई थी। इस दौरान करीब 200 यात्रियों ने एयरपोर्ट पर प्रदर्शन भी किया था।

- दिल्ली एयरपोर्ट पर हंगामा, स्पाइसजेट ने यात्रियों से मांगी माफी

समय पर उड़ान का रिकॉर्ड सबसे खराब

समय पर उड़ान के मामले में स्पाइसजेट का इस साल का रिकॉर्ड बड़ी एयरलाइंस के मुकाबले कमजोर रहा है। जुलाई में एयरलाइन की सिर्फ 34.5% फ्लाइट्स निर्धारित समय पर चलीं। जुलाई में स्पाइसजेट की घरेलू बाजार हिस्सेदारी 1.6% रही, जबकि जून में यह 1.9% थी। यानी एक महीने में हिस्सेदारी 0.3 प्रतिशत अंक घट गई। जुलाई में एयरलाइन ने करीब 1.87 लाख यात्रियों को सफर कराया। इसी अवधि में इंडिगो की हिस्सेदारी 67.4%, एयर इंडिया ग्रुप की 24% और अकासा एयर की 5.5% रही।

केजरीवाल को एसआईआर नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली में चल रही मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल समेत उनके परिवार के पांच सदस्यों को नोटिस जारी किया गया है। ये नोटिस 'अनमैप्ड विथ लास्ट एसआईआर' यानी पिछली एसआईआर की मतदाता सूची से मैप नहीं होने की कैटेगरी में जारी किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली निर्वाचन अधिकारियों की ओर से अरविंद केजरीवाल के अलावा उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पिता गोविंद राम केजरीवाल और मां गीता देवी को नोटिस दिया गया है। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल के 25 वर्षीय बेटे पुलकित केजरीवाल को भी इसी कैटेगरी में नोटिस जारी किया गया है।

अमेरिका से जंग के बावजूद न्यूयॉर्क आएंगे ईरानी राष्ट्रपति

नहीं होगी गिरफ्तारी, मिला यूएस वीजा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच 7 महीने से जंग चल रही है। इसके बावजूद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान और विदेश मंत्री अब्बास अराघची अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली यूएनजीए बैठक में शामिल होंगे। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं को वीजा दे दिया गया है। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बार होगा, जब ईरान के शीर्ष नेता अमेरिका पहुंचेंगे। ईरानी राष्ट्रपति पजशकियान न्यूयॉर्क में गिरफ्तार नहीं हो पाएंगे। इसकी दो बड़ी वजहें हैं। राष्ट्रपति को खास कानूनी सुरक्षा मिलती है। किसी देश के मौजूदा राष्ट्रपति को दूसरे देश में जाकर सीधे गिरफ्तार करना आसान नहीं होता। अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत मौजूदा राष्ट्राध्यक्षों को खास कानूनी सुरक्षा मिलती है। इसका मकसद यह है कि कोई देश अपनी मर्जी से दूसरे देश के मौजूदा राष्ट्रपति को गिरफ्तार न कर सके। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि राष्ट्रपति पर कभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। यह इस बात पर निर्भर करता है कि मामला किस अदालत में है, आरोप क्या हैं और उस देश के कानून क्या कहते हैं। निकोलस मादुरो का मामला इसका उदाहरण है। उन्हें अमेरिका ने गिरफ्तार किया था, लेकिन अमेरिका उन्हें उस समय वेनेजुएला का वैध राष्ट्रपति नहीं मानता था।

यूएनजीए के लिए अमेरिका की अलग जिम्मेदारी

यह मामला सिर्फ अमेरिका और ईरान के बीच का नहीं है। यूएन का मुख्यालय न्यूयॉर्क में है और अमेरिका इसकी मेजबानी करता है। इसलिए यूएन की बैठकों में हिस्सा लेने वाले दूसरे देशों के प्रतिनिधियों को अमेरिका आने की अनुमति देना उसकी जिम्मेदारी का हिस्सा है। यूएन के नियमों के मुताबिक अमेरिका ऐसा नहीं कर सकता कि किसी विदेशी प्रतिनिधि को यूएन के आधिकारिक काम में हिस्सा लेने से ही रोक दे। हालांकि, यूएन के बाहर उसकी आवाजाही पर पाबंदी लगाई जा सकती है। इसी वजह से पजशकियान और अराघची को अमेरिका आने की अनुमति दी गई है। लेकिन ईरानी प्रतिनिधिमंडल छोटा रखा गया है और उसके सदस्यों की आवाजाही भी सीमित रहेगी।

बाल-बाल बचे, गलत रिपोर्ट से हमले की तैयारी में थी यूएस आर्मी

एआई की एक गलती से छिड़ सकता था चीन-अमेरिका युद्ध!

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल कई सेक्टर में हो रहा है, जिसमें सेना का भी नाम शामिल है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एआई की एक गलती की वजह से अमेरिका और चीन के बीच युद्ध छिड़ सकता था। दरअसल, ईरान और अमेरिका युद्ध के बीच एक खुफिया रिपोर्ट तेजी से सर्कुलेट हुई थी। सीएनएन की रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया है कि ईरान युद्ध के दौरान मध्य पूर्व में मौजूद एक चीनी जहाज परमाणु हथियार प्रोग्राम से संबंधित सामान लेकर जा रहा है, जो जानकारी गलत थी। रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिकी सेना ने चीनी जहाज को रोकने की योजना बनाई थी। साथ ही हथियारबंद जवान जहाज पर चढ़ने की तैयारी में थे और अमेरिका सेना का विमान भी हवा में था।

- एआई पर निर्भरता का खतरनाक उदाहरण आया सामने



एआई की मदद से तैयार की थी रिपोर्ट

एक्शन लेने से पहले अमेरिकी अधिकारियों ने रिपोर्ट की गहराई से जांच की, जिसके बाद पता चला कि यह रिपोर्ट स्पेशल ऑपरेशन्स कमांड के एक विश्लेषक ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद से तैयार की थी। एआई ने जहाज में मौजूद सामान की गलत पहचान कर ली थी, जिसके बाद कार्रवाई को तुरंत रोका गया। हालांकि, रिपोर्ट्स में यह नहीं बताया है कि वास्तव में जहाज के अंदर क्या सामान था। फिर पता चला कि वह रिपोर्ट पूरी तरह से गलत थी। अगर अमेरिकी चीनी जहाज के खिलाफ एक्शन लेता तो दोनों देशों के बीच सैन्य युद्ध में तब्दील हो सकता था।

गलती का यह अकेला मामला नहीं

सीएनएन के मुताबिक, सूत्रों ने यह भी संकेत दिया कि चीनी जहाज से जुड़ी यह एआई गलती खुफिया समुदाय में कोई अकेली घटना नहीं हो सकती। सरकार में एआई टूल्स के व्यापक इस्तेमाल के बाद ऐसी गलतियों की आशंका लगातार बनी हुई है। कुछ वरिष्ठ खुफिया अधिकारियों का मानना है कि एआई के इस्तेमाल से विश्लेषकों पर खुफिया जानकारी को पहले से ज्यादा तेजी से तैयार करने और साझा करने का दबाव बढ़ रहा है।

एक्सपर्ट दे चुके हैं सलाह

यह घटना युद्ध के दौरान टारगेट तय करने में नए जोखिम सामने ला सकती है। अमेरिका द्वारा चीनी जहाज के सामान को पहचानने में भी यह गलती सामने आई है। एक्सपर्ट भी सलाह दे चुके हैं कि एआई पर पूरी तरह से निर्भरता सही नहीं है। एक्सपर्ट लंबे समय से सलाह दे रहे हैं कि अगर कोई देश गलत या खराब डेटा पर एआई की मदद से निर्भर होते हैं, तो वह कई गंभीर फैसलों में गलत सलाह दे सकता है।

सम्पादकीय

भारत के लिए क्यों बढ़ी ट्रंप की नई टैरिफ शक्ति की चिंता?

आम अमेरिकियों को यह चिंता सता रही है कि अमेरिका में आहूत मध्यावधि चुनाव एक डरावना सच न साबित हो जाए। जो बात परेशान करने वाली है, वह यह कि अमेरिकी महंगाई का असर इस बार कहीं भारत पर न पड़े। यह सच है कि 2008 की अमेरिकी मंदी का असर हमारे देश पर वित्तीय बाजारों, निर्यात और विदेशी निवेश के जरिए पड़ा था। अमेरिका में महंगाई बढ़ने या फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाए जाने का सीधा प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था, शेयर बाजार और आम आदमी की जेब पर पड़ता है। इस बार एक और खतरनाक काम इसी हफ्ते अमेरिकी संसद में हुआ है। शुल्क लगाने के लिए एक ऐसे विधेयक को स्वीकृति दी गई, जिससे ट्रंप की शक्तियां असीमित होने जा रही हैं। भारत के लिहाज से देखें, तो यह विधेयक अत्यंत घातक नतीजे देने वाला साबित हो सकता है। गौरतलब है कि अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने बुधवार, 16 सितंबर 2026 को दिवंगत रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम के सम्मान में नामित रूस और ईरान प्रतिबंध विधेयक को अंतिम मंजूरी दे दी। सीनेटर ग्राहम का इसी वर्ष जुलाई में अचानक निधन हो गया था। यह विधेयक पहली बार अप्रैल 2025 में पेश किया गया था। अगस्त 2026 में अमेरिकी सीनेट ने इसे 86-11 के भारी बहुमत से पास किया था। एक साल से ज्यादा समय तक चली जटिल बातचीत के बाद ग्राहम ने व्हाइट हाउस को इसके लिए राजी करने में अहम भूमिका निभाई। अपनी मौत से ठीक एक दिन पहले वे सार्वजनिक रूप से यूक्रेन में देखे गए थे। दौरे के दौरान कीव की सड़कों पर टैंकों के सामने खड़े होकर उन्होंने घोषणा की कि ट्रंप इस विधेयक का समर्थन करेंगे। सीनेट से पहले ही पारित हो चुके इस ऐतिहासिक विधेयक पर ट्रंप के हस्ताक्षर के बाद इसका नाम अब लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 हो गया है। प्रतिनिधि सभा में इस विधेयक को 262/159 के बहुमत से पारित किया गया। इस कानून के जरिए अमेरिका दरअसल रूस के ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों तथा प्रतिबंधों से बचने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रूसी तेल टैंकरों के गुप्त बेड़े (शैडो फ्लीट) को निशाना बनाएगा। इस विधेयक की सबसे बड़ी बात यह है कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति को उन देशों पर सौ फीसद तक सीमा शुल्क (टैरिफ) लगाने का अधिकार देता है, जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदना जारी रख रहे हैं। रूस से बड़े पैमाने पर तेल खरीदने के कारण भारत और चीन इसके दायरे में आ सकते हैं। प्रतिनिधि सभा में जो कुछ हुआ, उसे देखकर साफ लगता है कि ज्यादातर रिपब्लिकन सांसद इस विधेयक का समर्थन करते हैं, लेकिन बातचीत की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक, हाल के दिनों में लगभग एक दर्जन रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी नेताओं से विधेयक में शामिल शुल्क से जुड़ी नई शक्तियों को हटाने के लिए पैरवी की थी और एक तरह से इसके लिए अभियान चलाया था।



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

सत्ता से संघर्ष तक: ममता बनर्जी का राजनीतिक यथार्थ

ललित गर्ग

ममता बनर्जी का राजनीतिक सफर एक छात्र राजनीति की साहसी नायिका से लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनने और वर्तमान समय में घोर राजनीतिक व कानूनी संकटों से घिरने तक की एक बड़ी दास्तान है। जो दीदी कभी सड़कों पर वामपंथ के 34 साल के किले को ढहाने के लिए जानी जाती थीं, वे आज अपनी राजनीतिक यात्रा के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। वर्तमान परिस्थितियों में ममता बनर्जी पर मुश्किलों के पहाड़ टूटने के मुख्य कारण इस प्रकार हैं- पहला, ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ा राजनीतिक झटका 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में लगा, जहां उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को हार का सामना करना पड़ा और राज्य में भाजपा की सरकार बनी। खुद ममता बनर्जी को भी अपनी पारंपरिक सीट भवानीपुर से शुभेंदु अधिकारी के हाथों करारी हार झेलनी पड़ी।

15 साल तक राज्य पर राज करने के बाद सत्ता से बाहर होना उनके राजनीतिक पतन की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। दूसरा, ममता बनर्जी की राजनीतिक ताकत हमेशा उनकी पार्टी पर उनकी मजबूत पकड़ थी। लेकिन वर्तमान में टीएमसी के भीतर एक बड़ी बगावत छिड़ गई है। कई विधायकों और सांसदों ने अभिषेक बनर्जी के बढ़ते प्रभाव और पार्टी में तानाशाही रवैये को लेकर बगावती रुख अख्तियार कर लिया है, जिससे पार्टी दो फाड़ होने की कगार पर पहुंच गई है। तीसरा, ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ा कानूनी और भावनात्मक झटका तब लगा जब चुनाव आयोग ने पार्टी में आंतरिक विवाद के कारण तृणमूल कांग्रेस के नाम और उनके प्रसिद्ध चुनाव चिह्न जोड़ा फूल को फ्रीज (रोक लगा दी) कर दिया। आयोग ने दोनों गुटों को अस्थाई रूप से नए नाम और सिंबल दिए हैं। ममता बनर्जी ने इसे भारतीय लोकतंत्र का काला दिन बताया है और इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। चौथा, सत्ता से हटते ही ममता बनर्जी के खिलाफ कानूनी शिकंजा लगातार कसता जा रहा है- चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ और सांप्रदायिक बयान देने के आरोप में उनके खिलाफ कोलकाता और सिलीगुड़ी में एफआईआर दर्ज की गई हैं।

अगस्त 2026 में कोलकाता में छात्र संगठन (टीएमसीपी) की रैली के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में भी पुलिस ने उन पर मामला दर्ज किया है। उनकी पिछली सरकार पर एक विज्ञापन एजेंसी को रु. 635 करोड़ से अधिक का टेंडर देने में गड़बड़ी जैसे भ्रष्टाचार के नए आरोप लग रहे हैं। पांचवां, ममता बनर्जी हमेशा खुद को जनता की लड़ाई लड़ने वाली और महिलाओं के अधिकारों की रक्षक के रूप में पेश किया था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में राज्य में हुए महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर उनके विवादित बयानों और भ्रष्टाचार के मामलों (जैसे शिक्षक भर्ती घोटाला आदि) ने उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया। जनता में पैदा हुए इसी आक्रोश और सत्ता-विरोधी लहर ने उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया। संघर्ष की नायिका का वर्तमान रुख, इन सब मुश्किलों के बावजूद, 17 साल की उम्र में दूध के बूथ और स्टेनोग्राफर का काम कर-के अपने परिवार को संभालने वाली ममता बनर्जी ने हार मानने से साफ इनकार किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे राजनीतिक संन्यास नहीं लेंगी और वे इस गंदे खेल के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लड़ाई जारी रखेंगी। आगामी उपचुनावों के लिए उन्होंने रणनीति बदलते हुए कांग्रेस उम्मीदवारों को समर्थन देने की घोषणा भी की है।

भारतीय राजनीति के इतिहास में ममता बनर्जी का नाम एक ऐसी जननेता के रूप में दर्ज रहा है, जिन्होंने शून्य से उठकर जन आंदोलनों के बल पर दशकों पुरानी राजनीतिक संरचनाओं को हिला दिया। छात्र राजनीति के समय से ही उनकी पहचान एक बेबाक और निर्भीक व्यक्तित्व के रूप में रही है। तीन दशकों से अधिक लंबे वामपंथी शासन को उखाड़ फेंकने वाली दीदी ने पूरे पंद्रह वर्षों तक पश्चिम बंगाल की सत्ता पर एकछत्र राज किया। परंतु समय का चक्र ऐसा घूमा है कि वही जुझारू नेत्री आज अपनी ही राजनीतिक यात्रा के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। हालिया विधानसभा चुनावों में मिली पराजय, दल के भीतर भड़की बगावत, चौतरफा वैधानिक कार्यवाहियों का शिकंजा और दल की मूल पहचान यानी नाम तथा चुनाव चिह्न का छिन जाना, इन सबने मिलकर उनके समक्ष अस्तित्व रक्षा की अभूतपूर्व चुनौती खड़ी कर दी है। हाल के विधानसभा चुनाव पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास में एक बड़े मोड़ के रूप में सामने आए। पंद्रह वर्षों के निरंतर शासन के बाद तृणमूल कांग्रेस को जन-असंतोष और प्रचंड विरोध का सामना करना पड़ा। चुनावी नतीजों में न केवल उनकी पार्टी को करारी हार झेलनी पड़ी, बल्कि ममता बनर्जी को स्वयं अपनी पारंपरिक सीट भवानीपुर से पराजय का स्वाद चखना पड़ा। इस परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया कि राज्य में बदलाव की लहर अत्यधिक तीव्र थी। निरंतर शासन से उपजी असंतुष्टि, विभिन्न भर्ती घोटालों के आरोप तथा स्थानीय स्तर पर उपजे जन-रोष ने मिलकर उनकी दलगत जड़ों को कमजोर कर दिया, जिससे राज्य में एक नए राजनीतिक समीकरण का उदय हुआ। किसी भी क्षेत्रीय दल की वास्तविक शक्ति उसका सुदृढ़ संगठन, शालीन भाषा, लोकतांत्रिक मयार्दा और नेतृत्व के प्रति अटूट निष्ठा होती है। तृणमूल कांग्रेस में लगभग तीन दशकों तक ममता बनर्जी ही सर्वमान्य चेहरा और अंतिम निर्णयकर्ता रहीं। किंतु चुनावी असफलता के उपरांत पार्टी के भीतर दबा हुआ असंतोष अचानक बाहर आ गया। विधायकों और सांसदों के एक बड़े धड़े ने शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न खड़े कर दिए।

तृणमूल कांग्रेस में आंतरिक विभाजन के बाद दोनों गुटों द्वारा अधिकार जताए जाने के कारण आयोग को कड़ा कदम उठाना पड़ा। वर्षों पूर्व जिस पहचान को उन्होंने अपने कड़े परिश्रम और संघर्ष से सींचा था, उसी से वंचित हो जाना उनके राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा संवैधानिक झटका माना जा रहा है। यद्यपि उन्होंने इस निर्णय को लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताते हुए शीर्ष अदालत का द्वार खटखटाया है, परंतु तत्काल रूप से इस स्थिति ने दल के कार्यकताओं में भारी असमंजस पैदा कर दिया है। सत्ता से बाहर होते ही ममता बनर्जी बहुआयामी कानूनी चुनौतियों से भी घिर गई हैं। चुनावी अभियानों के दौरान दिए गए बयानों को लेकर उनके खिलाफ विभिन्न स्थानों पर प्राथमिक दर्ज कराई गई हैं। जनसभाओं और रैलियों के संचालन में उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन तथा व्यवस्था बिगाड़ने के आरोपों में भी दंडात्मक कार्यवाहियाँ शुरू की गई हैं। ये तमाम कानूनी उलझनें न केवल उनकी प्रशासनिक छवि पर प्रश्न खड़े करती हैं, बल्कि उन्हें राजनीतिक पुनर्निर्माण के स्थान पर कानूनी बचाव की मुद्रा में ला खड़ा करती हैं।

ममता बनर्जी की वास्तविक पूंजी उनकी साख थी, जो एक साधारण, त्यागपूर्ण और आम जनता की रक्षक के रूप में बनी थी। जनाक्रोश और सत्ता-विरोधी लहर ने उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बावजूद विपरीत परिस्थितियों में पली-बढ़ी ममता बनर्जी ने आसानी से घुटने न टेकने का संकल्प दोहराया है। राजनीति से संन्यास लेने की बातों को खारिज करते हुए उन्होंने पुनः जन-सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने का मार्ग चुना है। वर्तमान परिस्थितियों में उन्होंने अपनी रणनीति बदलते हुए अन्य विपक्षी दलों के साथ हाथ मिलाना शुरू किया है। नंदीग्राम उपचुनाव में अपने प्रत्याशी का नाम वापस लेकर कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करना इसी रणनीति का भाग है। संक्षेप में कहा जाए तो ममता बनर्जी का वर्तमान समय उनके राजनीतिक जीवन की सबसे कसौटी पूर्ण परीक्षा का काल है।

एक ओर दल में टूट, नाम व प्रतीक का स्थगन और मुकदमों का अंबार है, तो दूसरी ओर अपनी खोई साख को पुनः प्राप्त करने की विशाल चुनौती। इतिहास साक्षी है कि वे संकटों से उभरकर वापसी करने में माहिर रही हैं, किंतु इस बार चुनौती केवल राजनीतिक विरोधियों से नहीं, बल्कि अपनी ही बिखरी हुई विरासत को समेटने की है। अब यह देखना अत्यंत दिलचस्प होगा कि क्या वे अपने जनआंदोलन की पुरानी शैली के बल पर इस राजनीतिक चक्रव्यूह को भेद पाती हैं या नहीं।

सोशल मीडिया की भीड़ में अकेला होता व्यक्ति

सुरेश हिंदुस्तानी

तकनीक ने मनुष्य को संवाद के ऐसे साधन उपलब्ध करा दिए हैं, जिनकी कल्पना कुछ दशक पहले तक असंभव लगती थी। अब एक क्लिक पर दुनिया के किसी भी कोने में बैठे व्यक्ति से संपर्क स्थापित हो जाता है। हजारों मित्र, सैकड़ों समूह, लगातार आती सूचनाएं और हर क्षण सक्रिय रहने वाली आभासी दुनिया ने यह भ्रम पैदा कर दिया है कि मनुष्य पहले से कहीं अधिक जुड़ा हुआ है। लेकिन इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक गंभीर सामाजिक विडंबना भी आकार ले रही है, संपर्क बढ़ रहे हैं, संवाद घट रहा है और भीड़ बढ़ने के बावजूद मनुष्य भीतर से अकेला होता जा रहा है। उसे आत्मीयता भरे शब्दों की प्रतीक्षा रहती है। लेकिन दुनिया के व्यक्ति केवल ज्ञान देने तक ही सीमित रहते हैं, साथ चलने को कोई तैयार नहीं होता।

सोशल मीडिया ने दूरी अवश्य कम की है, लेकिन निकटता की परिभाषा बदल दी है। पहले किसी अपने से मिलने के लिए समय निकालना पड़ता था। आमने-सामने बैठकर बातचीत होती थी, चेहरे के भाव पढ़े जाते थे और मौन भी संवाद का हिस्सा होता था। अब किसी के जीवन में हमारी उपस्थिति कई बार केवल एक ह्यलाइकह्न, एक इमोजी या कुछ शब्दों की टिप्पणी तक सीमित हो गई है। जन्मदिन पर दर्जनों शुभकामनाएं मिल जाती हैं, लेकिन संकट की घड़ी में कंधा देने वाला व्यक्ति तलाशना कठिन हो रहा है। इसी कारण आज हर कोई अकेलेपन की गहराई में लगातार घुसता ही जा रहा है। यह बात सच है कि जो व्यक्ति से मिल सकता है, उसे तकनीक कभी नहीं दे सकती। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत संबंधों तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव परिवार और समाज की संरचना पर भी दिखाई दे रहा है। एक ही घर में रहने वाले लोग कई बार अपने-अपने मोबाइल की स्क्रीन में व्यस्त रहते हैं। भोजन की मेज पर बातचीत के बजाय सूचनाओं की जांच होती है। बच्चे माता-पिता के साथ समय बिताने के बजाय डिजिटल मनोरंजन में डूबे रहते हैं और माता-पिता भी अपनी आभासी दुनिया में व्यस्त रहते हैं। परिणाम यह है कि घर भौतिक रूप से साथ होते हुए भी भावनात्मक रूप से दूर होते जा रहे हैं। इसी से परिवार के सदस्यों के बीच दूरियां बढ़ती जाती हैं, और यही परिवार टूटने का एक बड़ा कारण भी है। इससे भी व्यक्ति अवसाद की ओर अग्रसर होता जाता है। सोशल मीडिया की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि उसने मनुष्य को स्वयं को प्रस्तुत करने का अभूतपूर्व मंच दिया, लेकिन स्वयं को समझने का अवसर कम कर दिया। यहां हर व्यक्ति अपने जीवन का चुना हुआ हिस्सा प्रदर्शित करता है। दूसरों के जीवन की दिखाई देने वाली चमक जब लगातार हमारी आंखों के सामने रहती है, तो अनजाने में तुलना शुरू हो जाती है। हमें लगता है कि दूसरे हमसे अधिक सफल, अधिक खुश और अधिक संतुष्ट हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाला जीवन अक्सर संपूर्ण जीवन नहीं, उसका चयनित अंश होता है। जीवन वही सार्थक है, जिसमें समाज और परिवार का साथ हो। किसी भी प्रकार की तुलना करना हानिकारक ही है। यही तुलना धीरे-धीरे आत्मसंतोष को प्रभावित करती है। व्यक्ति अपने जीवन की वास्तविक उपलब्धियों के बजाय दूसरों की आभासी उपलब्धियों से स्वयं को मापने लगता है। लाइक और कमेंट सामाजिक स्वीकृति के नए पैमाने बन जाते हैं। पोस्ट पर प्रतिक्रिया कम मिले तो बेचैनी और अधिक मिले तो क्षणिक संतोष प्राप्त होता है। यह चक्र व्यक्ति को बाहरी मान्यता पर निर्भर करता जाता है। विडंबना यह है कि हजारों लोगों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने वाला व्यक्ति भी अपने मन की बात कहने के लिए एक विश्वसनीय व्यक्ति की तलाश कर सकता है। समाज के सामने एक दूसरी चुनौती संवाद की गुणवत्ता की है। सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति को आसान बनाया है, लेकिन हर अभिव्यक्ति संवाद नहीं होती। संवाद में सुनना भी शामिल है, जबकि डिजिटल संसार में प्रतिक्रिया देने की जल्दबाजी कई बार सुनने की क्षमता को पीछे छोड़ देती है। असहमति होते ही बहस व्यक्तिगत आरोपों में बदल जाती है। विचारों का आदान प्रदान धीरे-धीरे विचारों की टकराहट में बदलने लगता है। इससे सामाजिक विश्वास कमजोर होता है। संदर्भसामग्री खोजें यहां यह समझना आवश्यक है कि समस्या सोशल मीडिया स्वयं नहीं है। तकनीक एक साधन है, उसका उपयोग उसे उपयोगी या नुकसानदेह बनाता है। सोशल मीडिया ने आपदा के समय सहायता पहुंचाने, ज्ञान साझा करने, रोजगार और व्यवसाय के अवसर पैदा करने तथा दूर रह रहे परिवारों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समस्या तब पैदा होती है जब साधन जीवन का विकल्प बनने लगे। इसलिए समाधान तकनीक से पलायन नहीं, बल्कि उसके विवेकपूर्ण उपयोग में है। परिवारों को प्रतिदिन कुछ समय ऐसा निर्धारित करना होगा, जब मोबाइल और अन्य स्क्रीन किनारे रखकर केवल एक-दूसरे से बात की जाए। बच्चों के साथ संवाद को केवल उनकी पढ़ाई और अनुशासन तक सीमित न रखकर उनके विचारों, मित्रताओं, भय और सपनों तक ले जाना होगा। बुजुर्गों को डिजिटल दुनिया में शामिल करने के साथ-साथ उनके अनुभवों को सुनने के लिए भी समय देना होगा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें ह्यकनेक्टेडह्न होने और जुड़े होने के अंतर को समझना होगा। कनेक्शन तकनीक बनाती है, संबंध मनुष्य बनाता है। हजारों संपर्कों की सूची किसी एक सच्चे मित्र का स्थान नहीं ले सकती। सैकड़ों प्रतिक्रियाएं उस एक आत्मीय बातचीत का विकल्प नहीं बन सकतीं, जिसमें सामने वाला हमारी बात केवल सुनता ही नहीं, समझता भी है। आज आवश्यकता सोशल मीडिया छोड़ने की नहीं, बल्कि उसके बीच अपनी सामाजिक संवेदनशीलता बचाए रखने की है। हमें फिर से पड़ोसी से परिचय, मित्र से मुलाकात, परिवार के साथ भोजन और बिना किसी स्क्रीन के बातचीत जैसी छोटी-छोटी मानवीय परंपराओं को जीवन में स्थान देना होगा।

लघुकथा

लंबे पैरों वाला

एक गाँव में एक बूढ़ी औरत अपनी टूटी-फूटी झोपड़ी में अकेली रहती थी। एक रात बहुत तेज बारिश हो रही थी और हवा चल रही थी। झोपड़ी की छत से पानी टपक रहा था। बूढ़ी औरत परेशान होकर खुद से बड़बड़ाने लगी, "मुझे इस तेज बारिश से डर नहीं लगता, न ही मुझे किसी चोर या बाघ का डर है। मुझे तो बस इस 'दीघल थेडीया' (लंबे पैरों वाले टपकते पानी) से डर लगता है, जो चैन से सोने नहीं देता।"उसी समय, एक चोर उस झोपड़ी के बाहर गाय चुराने के इरादे से छिपा हुआ था। संयोग से, एक भूखा बाघ भी उसी झोपड़ी के पास शिकार की तलाश में बैठा था। दोनों ने बूढ़ी औरत की बात सुन ली।बाघ ने सोचा, "यह 'दीघल थेडीया' कौन सा भयानक जीव है, जिससे यह बुढ़िया मुझसे भी ज्यादा डरती है? जरूर वह कोई बहुत शक्तिशाली और खूंखार राक्षस होगा।"अंधेरे के कारण चोर ने बाघ को एक तगड़ी गाय समझ लिया। चोर ने सोचा, "चलो, जो गाय छूने पर सबसे पहले खड़ी होगी, उसे ही लेकर भागूँगा।" चोर ने अंधेरे में हाथ बढ़ाया और सीधे बाघ की पीठ पर हाथ फेर दिया।जैसे ही चोर का हाथ लगा, बाघ डर के मारे उछल पड़ा। बाघ ने सोचा, "अरे बाप रे! आ गया 'दीघल थेडीया'! इसने मुझे पकड़ लिया!" वहीं चोर ने सोचा, "यह तो बहुत फुर्तीली गाय है, इसे हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।" चोर तुरंत कूदकर बाघ की पीठ पर सवार हो गया और उसकी पूंछ मरोड़ दी।डर के मारे बाघ सिर पर पैर रखकर जंगल की तरफ भागा। वह पूरी रात दौड़ता रहा और चोर समझता रहा कि वह एक बहुत तेज दौड़ने वाली गाय पर बैठा है। जैसे ही सुबह की पहली किरण फूटी, चोर ने नीचे देखा और उसके होश उड़ गए—वह किसी गाय पर नहीं, बल्कि एक खूंखार बाघ पर सवार था!चोर ने बिना वक्त गंवाए एक लटकती हुई पेड़ की डाली को पकड़ा और ऊपर चढ़ गया। बाघ ने जब महसूस किया कि उसकी पीठ खाली हो गई है, तो उसने राहत की सांस ली और सोचा, "शुक्र है भगवान का, आज 'दीघल थेडीया' से जान बच गई!"सीख: अधूरी जानकारी और मन का डर अक्सर बड़ी से बड़ी ताकत को भी कमजोर बना देता है।

कहानी

कौवे और उल्लू का बैर

एक बार हंस, तोता, बगुला, कोयल, चातक, कबूतर, उल्लू आदि सब पक्षियों ने सभा करके यह सलाह की कि उनका राजा वैनतेय केवल वासुदेव की भक्ति में लगा रहता है; व्याधों से उनकी रक्षा का कोई उपाय नहीं करता; इसलिये पक्षियों का कोई अन्य राजा चुन लिया जाय । कई दिनों की बैठक के बाद सब ने एक सम्मति से सर्वाङ्ग सुन्दर उल्लू को राजा चुना । अभिषेक की तैयारियाँ होने लगीं, विविध तीर्थों से पवित्र जल मँगाया गया, सिंहासन पर रत्न जड़े गए, स्वर्णघट भरे गए, मङ्गल पाठ शुरू हो गया, ब्राह्मणों ने वेद पाठ शुरू कर दिया, नर्तकियों ने नृत्य की तैयारी कर लीं; उलूकराज राज्यसिंहासन पर बैठने ही वाले थे कि कहीं से एक कौवा आ गया । कौवे ने सोचा यह समारोह कैसा ? यह उत्सव किस लिए? पक्षियों ने भी कौवे को देखा तो आश्चर्य में पड़ गए। उसे तो किसी ने बुलाया ही नहीं था । भिर भी, उन्होंने सुन रखा था कि कौआ सब से चतुर कूटराजनीतिज्ञ पक्षी है; इसलिये उस से मन्त्रणा करने के लिये सब पक्षी उसके चारों ओर इकट्ठे हो गए ।

उलूक राज के राज्याभिषेक की बात सुन कर कौवे ने हँसते हुए कहा----"यह चुनाव ठीक नहीं हुआ । मोर, हंस, कोयल, सारस, चक्रवाक, शुक आदि सुन्दर पक्षियों के रहते दिवान्ध उल्लू ओर टेढ़ी नाक वाले अप्रियदर्शी पक्षी को राजा बनाना उचित नहीं है । वह स्वभाव से ही रौद्र है और कटुभाषी है । फिर अभी तो वैनतेय राजा बैठा है । एक राजा के रहते दूसरे को राज्यासन देना विनाशक है । पृथ्वी पर एक ही सूर्य होता है; वही अपनी आभा से सारे संसार को प्रकाशित कर देता है । एक से अधिक सूर्य होने पर प्रलय हो जाती है । प्रलय में बहुत से सूर्य निकल जाते हैं; उन से संसार में विपत्ति ही आती है, कल्याण नहीं होता । राजा एक ही होता है । उसके नाम-कीर्तन से ही काम बन जाते हैं। "यदि तुम उल्लू जैसे नीच, आलसी, कायर, व्यसनी और पीठ पीछे कटुभाषी पक्षी को राजा बनाओगे तो नष्ट हो जाओगे । कौवे की बात सुनकर सब पक्षी उल्लू को राज-मुकुट पहनाये बिना चले गये । केवल अभिषेक की प्रतीक्षा करता हुआ उल्लू उसकी मित्र कृकालिका और कौवा रह गये । उल्लू ने पूछा----"मेरा अभिषेक क्यों नहीं हुआ ?" कृकालिका ने कहा----"मित्र ! एक कौवे ने आकर रंग में भंग कर दिया । शेष सब पक्षी उड़कर चले गये हैं, केवल वह कौवा ही यहाँ बैठा है ।" तब, उल्लू ने कौवे से कहा----"दुष्ट कौवे ! मैंने तेरा क्या बिगाड़ा था जो तूने मेरे कार्य में विघ्न डाल दिया । आज से मेरा तेरा वंशपरंपरागत वैर रहेगा ।" यह कहकर उल्लू वहाँ से चला गया । कौवा बहुत चिन्तित हुआ वहीं बैठा रहा । उसने सोचा----"मैंने अकारण ही उल्लू से वैर मोल ले लिया । दूसरे के मामलों में हस्तक्षेप करना और कटु सत्य कहना भी दुःखप्रद होता है ।" यही सोचता-सोचता वह कौवा वहाँ से चला गया । तभी से कौओं और उल्लुओं में स्वाभाविक वैर चला आता है ।

पानी की कमियां और गुस्ताखियां

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

पानी ने यह भी नहीं सोचा कि यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर की जगह है। यहां की मिटटी ही कितनी महंगी है। करोड़ों रूपए की शानदार गाड़ियां आकर यहां पार्क होने वाली हैं। वह सीमेंट में भी प्रवेश कर गया। इंतजाम का मौका नहीं दिया और निर्माण की गुणवत्ता को सवालों की बारिश से पहले तैरा दिया।

कमियां तो सभी में होती हैं लेकिन कमियों के साथ गुस्ताखियां भी बढ़ती जाएं तो नाराजगी जायज है। पानी अब ऐसा ही कर रहा है। गांव, गलियां और बाजारों में तो घुस ही जाता है इसने तो महासमझदारी से बनाए एक्सप्रेस वे नहीं छोड़े। बारिश का मौसम आया और जनाब सड़क पर आराम से तैरने लगते हैं। अब तो हद कर दी, उधर पहाड़ों में धुंध छाई हुई थी। पर्यटक दूर दूर से रोमांटिक मौसम का मजा लेने आए हुए थे। पिछले दिनों इस गुस्ताख ने ग्यारह हजार करोड़ रुपयों की भी परवाह नहीं और बिना किसी को सूचित किए प्रवेश कर गए सीना चौड़ा किए हुए। नियमानुसार कहीं भी खड़े गार्ड से अनुमति लेनी चाहिए थी। अगर वहां सुरक्षा कर्मी नहीं था तो सम्बंधित विभाग से अग्रिम स्वीकृति लिखित में लेनी चाहिए थी। कुछ लोग हर कहीं बिना पूछे घुस जाते हैं और चुपचाप उत्पात मचाने लगते हैं, अगर पूछो तो कुटिल मुस्कुराहट के साथ कहते हैं आपने हमें पहचाना नहीं। हमें कौन रोक सकता है या कह सकते हैं आज तक किसी ने हमें रोकने की कोशिश नहीं की जिसने की हमने उसे बख्शा नहीं। पानी ऐसा कर रहा है।

छोटे मोटे शहर और गांवों में पानी ने पिछले कई दशकों से परेशान कर रखा है। दर्जनों सड़कें उखाड़ दी, लोहे के पाइप तोड़ दिए, बड़े बड़े पत्थर लुढका दिए, मिटटी के तोंदे सड़कों पर ला दिए। इतना भी क्या गुस्सा। इंसान ने जहां रोका इसने वहीं पंगा लिया, वहीं रास्ता बना लिया। किसी आभूषण जैसी लगने वाली खुबसूरत ईमारत का उदघाटन होना होता है, उसमें हजारों रूपए के नलके लाखों रूपए में लगाए जाते है। आम आदमी उन्हें खोलकर पानी को आने देना चाहता है लेकिन इतनी गुस्ताखी कि उदघाटन से पहले वहां तालाब बना दिया।

पानी ने यह भी नहीं सोचा कि यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर की जगह है। यहां की मिटटी ही कितनी महंगी है। करोड़ों रूपए की शानदार गाड़ियां आकर यहां पार्क होने वाली हैं। वह सीमेंट में भी प्रवेश कर गया। इंतजाम का मौका नहीं दिया और निर्माण की गुणवत्ता को सवालों की बारिश से पहले तैरा दिया। पानी तो सहयोगी माना जाता है इसलिए इंसान को बख्श देना चाहिए क्यूंकि अब वह नैसर्गिक बुद्धि से नहीं, नकली बुद्धि से काम चला रहा है । उसका प्रबंधन राजनीति की गिरफ्त में आ चुका है। समझदारी में भ्रष्टाचार का कीचड़ घुस गया है लेकिन पानी तो कुदरत का हिस्सा है फिर भी उसने करुणा, सदभावना, सहयोग सब बहा दिया और प्रकृति की अदभुत रचना इंसान को परेशान करता रहता है। पानी को वहां जाना चाहिए जहां घर घर में नलके लगे हैं और उसका इंतजार कर रहे हैं। वह अनधिकृत निर्माण गिराने में भी सहयोग कर सकता है वह बात दीगर है कि वहां प्रशासन के प्रबंधन का सीमेंट जरूर लगा है। पानी की विशेषताएं अब उसकी कमियां बन चुकी हैं। खाने पीने के जिस सामान में प्रवेश करता है अपने जैसा दूषित कर देता है। कहते हैं रंग, गंध और स्वाद हीन होता है लेकिन अब तो उसमें यह तीनों गुण हैं। पानी की कमियां और गुस्ताखियां बढ़ती जा रही हैं।

ग्राम समाज की सरकारी भूमि कब्जामुक्त कराने की मांग

प्रधान प्रतिनिधि ने एसडीएम को सौंपा पत्र, जांच कराने की मांग

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कुरावली/मैनपुरी। तहसील क्षेत्र के गांव नगला जमुनिया में ग्राम समाज की सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराकर बच्चों के लिए पार्क बनाने की मांग की गई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलशन गौतम ने इस संबंध में एसडीएम को पत्र सौंपा है। उन्होंने गाटा संख्या 426 और 435 की जमीन की जांच कराने और कब्जा मिलने पर उसे हटवाने की मांग की है।

प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि नगला जमुनिया में गाटा संख्या 426 और 435 की भूमि राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज के नाम दर्ज है। इनमें गाटा संख्या 435 की जमीन इंटरलॉकिंग रोड के किनारे स्थित है। उनका कहना है कि फिलहाल इस जमीन का कोई सार्वजनिक उपयोग नहीं हो रहा है। उनके अनुसार यदि जमीन को कब्जामुक्त करा लिया जाए तो वहां बच्चों के लिए पार्क बनाया जा सकता है। इससे गांव के बच्चों को खेलने और मनोरंजन के लिए सुरक्षित स्थान मिल सकेगा। उन्होंने एसडीएम से राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर दोनों गाटा संख्याओं की जांच कराने और मौके पर निरीक्षण कराने की मांग की है। साथ ही कब्जा मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई कर जमीन खाली कराने को कहा है। उन्होने कहा कि ग्राम समाज की जमीन का उपयोग किसी निजी व्यक्ति के बजाय ग्रामीणों के हित में होना चाहिए। इंटरलॉक रोड के किनारे स्थित होने के कारण यह स्थान पार्क के लिए उपयोगी हो सकता है।

भूमि खाली करने को लेकर विवाद

प्रधान प्रतिनिधि गुलशन गौतम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में वह गांव के आनंद पुत्र नरेश चंद्र से जमीन खाली करने की बात कहते नजर आ रहे हैं। वीडियो को लेकर आनंद की ओर से प्रधान प्रतिनिधि पर धमकी देने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिए जाने की बात सामने आई है।

घटना से संबंधित वीडियो मेरे पास

प्रधान प्रतिनिधि ने धमकी देने के मामले के आरोप को निराधार बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने आनंद से ग्राम समाज की जमीन खाली करने के लिए कहा था। इसी बात को लेकर आनंद नाराज हो गया और उनके साथ मारपीट की। गुलशन कुमार ने बताया कि घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज उनके पास है और उन्होंने कुरावली थाने में भी शिकायती पत्र दिया है।

धूमधाम से निकला दाऊ जी का हिंडोला, झूमे श्रद्धालु

मोर्निंग सिटी संवाददाता

भोगांव/मैनपुरी। शुक्रवार की रात्रि नगर मे पुरानी आलू मंडी स्थित प्राचीन श्री दाऊजी महाराज मंदिर से दाऊजी महाराज का धूमधाम के साथ निकाला गया जिसका नगर मे लोगो ने जगह जगह आरती उतारकर स्वागत किया।

शुक्रवार की रात्रि दाऊ जी हिन्डोला मंदिर प्रांगण से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग, सब्जी मंडी, जामा मस्जिद, पीपल मंडी, जैन मंदिर थाना कोतवाली होतें हुये जगत नगर स्थित श्री बिहारी जी मंदिर पहुंची वहां बिहारी जी मंदिर के सर्वराकार लव गौर ने दाऊजी महाराज की महाआरती उतारी तथां प्रसाद का वितरण किया। इस मौके परं मंजू देवी, वैष्णवी भारद्वाज, दीपू भारद्वाज, विष्णु भारद्वाज, पारस हजेला, राम प्रकाश सक्सेना, संजय शर्मा, प्रमोद भारद्वाज, रवि शर्मा, सत्यम भारद्वाज, सुनील, सतीश कश्यप, देवकी नंदन दीक्षित, अमन वर्मा, नितिन कठेरिया, महेश चंद्र, सुदयवीर यादव, राजेश शाक्य, राजेंद्र शर्मा, तोता राम वर्मा, शिवम सक्सेना, आशुतोष सक्सेना, आस्तेंद्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

लेखपालों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, उठाई मांगें

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कुरावली/मैनपुरी। शनिवार को तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की ओर से तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर को विभिन्न लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में लेखपालों ने अंतर्मंडलीय स्थानांतरण, पदोन्नति सूची जारी करने, विभागीय परीक्षा परिणाम घोषित करने, भत्तों में वृद्धि सहित विभिन्न मांगों के शीघ्र ज्ञापन में कहा गया कि लेखपालों पर लगातार कार्यभार बढ़ रहा है। इसके बावजूद स्थानांतरण, पदोन्नति, वेतन विसंगति और भत्तों से संबंधित कई मांगें लंबित हैं। लेखपालों ने गृह मंडल में स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल दोबारा खोलने, चयन वर्ष 2025-26 की लंबित पदोन्नति सूची जारी करने तथा वर्ष 2024 की विभागीय परीक्षा का परिणाम और प्रशिक्षण प्रमाणपत्र शीघ्र जारी करने की मांग की। ज्ञापन में 2800 ग्रेड पे एवं वेतन विसंगति दूर करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। लेखपाल संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर 22 सितंबर से अतिरिक्त हल्कों का कार्य बहिष्कार करने सहित अन्य निर्णय लिए जाएंगे। इस दौरान लेखपाल देवेंद्र यादव, राकेश यादव, विपिन यादव, जितेंद्र राजपूत, रश्मि यादव, अभिषेक कुमार, गेंदालाल चौहान और हिमांशु यादव मौजूद रहे।

अधीक्षण अभियंता का पदभार दीपक चौधरी ने संभाला

मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। लोक निर्माण विभाग के नवागत अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार चौधरी ने शनिवार को कार्यालय पहुंच कर पदभार ग्रहण कर लिया। दीपक कुमार चौधरी अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड में वर्ष 2017 में कार्यरत रह चुके हैं। इससे पूर्व बाराबंकी में उनकी तैनाती अधिशासी अभियंता के रूप में सेवाएं दे रहे थे। अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति मिलने के बाद दीपक कुमार की मैनपुरी जिले में पहली बार तैनाती हुई है। नवागत अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार चौधरी का शनिवार को कार्यालय में अधीनस्थों ने बुके भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता निर्माण खंड डीसी भुकेश, निर्माण खंड तृतीय अधिशासी अभियंता धनुषधारी, सहायक अभियंता पुष्पेंद्र सिंह, क्षमा गुप्ता, जेई मुकेश कुमार यादव, राम प्रकाश, हेमराज, अरुण यादव आदि ने अधीक्षण अभियंता का स्वागत किया।

विद्यालय गया छात्र लापता

मोर्निंग सिटी संवाददाता

भोगांव/मैनपुरी। विद्यालय पढने गया छात्र रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। घटना की गुमशुदगी पुलिस ने दर्ज कर छात्र की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम मिसौरा निवासी प्रेमशंकर पुत्र कृष्णमुरारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र ऋषभ विगत 17 सितंबर की सुबह ज्ञान सरोवर इंटर कॉलेज पढ़ने के लिए गया था किन्तु देर सांय तक घर वापस नहीं आया जिस पर परिजनो को चिन्ता हुई और उसकी तलाश शुरू की किन्तु उसका कोई पता नही चल सका। परिजनो ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुये पुलिस से पुत्र को तलाश किये जाने की गुहार लगाई है।

पुरानी रंजिश मे युवक को पीटा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

भोगांव/मैनपुरी। पुरानी रंजिश को लेकर दवंग ने युवक को लाठी डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम भदौरा निवासी सतीश चन्द्र पुत्र रमेश चन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 सितंबर की रात्रि बह अपने घर पर तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव का ही राज पथरिया पुत्र भूपेन्द्र प्रताप सिंह दीवार फांदकर घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर दी।

बिना अनुमति निकाली गई शोभायात्रा मामले में बेल प्रक्रिया शुरू

मोर्निंग सिटी संवाददाता

भोगांव/मैनपुरी। विगत 4 सितम्बर को नगर मे पूर्व अनुमति के निकाली गई शोभायात्रा मे उपजिलाधिकारी के दखल के बाद पुलिस द्वारा एक दर्जन से अधिक लोगो के विरूद्ध की गई शान्ति भंग की कारवाही के मामले मे अब तक तीन लोगो ने एसडीएम कोर्ट पहुचकर जमानत की प्रक्रिया को पूरा किया है। ज्ञात हो कि नगर मे विगत 4 सितम्बर को एक यादव समाज के सयोंजन के निकाली गई शोभायात्रा मे कई जनप्रतिधि भी शामिल हुये थे शोभयात्रा मे हजारो लोग शामिल हुये थे लेकिन शोभायात्रा के चार दिन बाद पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगो पर शान्ति भंग की कारवाही कर दी ये कारवाही आयोजन समिति से जुडे हुये ज्यादातर लोगो पर हुई थी तथा उपजिलाधिकारी कार्यालय से उक्त लोगो को नोटिस जारी कर थाना कोतवाली तामील कराने के लिये भेजे गये थे लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक इन नोटिसो को तामील कराकर उपजिलाधिकारी कार्यालय वापस नही भेजे गये तथा समाचार पत्रो मे खबर प्रकाशित होने के बाद मचें हडकम्प के बाद तीन लोगो ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुचकर जमानत के बाण्ड भरे है।

लेखपालों के जबाव से तहसीलदार संतुष्ट

मोर्निंग सिटी संवाददाता

भोगांव/मैनपुरी। विरासत दर्ज करने एंव अन्य मामलों में लापरवाही बरतने वाले लेखपालों पर तहसीलदार की ओर से 55 लेखपालों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसमे सभी लेखपालो ने अपने जबाब तहसीलदार को भेज दिये, जिस पर तहसीलदार ने अपनी सतुष्टि व्यक्त की है। ज्ञात हो कि तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तैनात लेखपालों पर विरासत दर्ज करने एंव अन्य मामलों में लापरवाही बरतने की शिकायतें और प्रकरण सामने आए थे। इससे लोगों को विरासत दर्ज कराने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामला संज्ञान में आने के बाद उपजिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए तहसीलदार को संबंधित लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। निर्देश मिलने के बाद तहसीलदार ने तहसील क्षेत्र में तैनात 55 लेखपालों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। नोटिस जारी होने के बाद लेखपालों में हड़कंप मच गया था और एक सप्ताह मे धीरे धीरे सभी लेखपालो ने अपने स्पष्टीकरण तहसीलदार को भेज दिये। तहसीलदार घासीराम ने बताया कि 55 लेखपालो को जारी किये गये नोटिसों के जबाब लेखपालो के देने के बाद अग्रिम समाप्त किया गया है। उन्होने लेखपालो को कडी चेतावनी देते हुये कहा कि यदि विरासत के मामले मे शिकायते आती है तो कडी कारवाही की जायेगी।

आगरा पुलिस कमिश्नरेट में बड़ा फेरबदल

डीसीपी सैयद अली अब्बास भेजे गए गौतमबुद्ध नगर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। बीती रात्रि शासन से जारी सूची के अनुसार आगरा से आईपीएस सैयद अली अब्बास, आईपीएस अतुल शर्मा और आईपीएस सोनम कुमार का ट्रांसफर किया गया है। नई जिम्मेदारी के रूप में आईपीएस सैयद अली अब्बास को पुलिस उपायुक्त बनाकर पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर भेजा गया है। वहीं आईपीएस सोनम कुमार को डीसीपी, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में नई तैनाती दी गई है। आगरा में डीसीपी के पद पर तैनात अतुल शर्मा को एसपी, अभिसूचना मुख्यालय, लखनऊ के रूप में नई तैनाती दी गई है।

इनको मिली आगरा में तैनाती

रविन्द्र कुमार को डीसीपी कानपुर नगर से डीसीपी आगरा, अमित मित्तल को डीसीपी गौतमबुद्धनगर से डीसीपी आगरा, मनोज कुमार यादव को एएसपी सहारनपुर से एडीसीपी आगरा, ज्ञानेन्द्र नाथ प्रसाद को एसपी/एएसपी गोरखपुर से डीसीपी आगरा, हेमेंद्र कुमार को एसपी/एएसपी पश्चिमी, अम्बेडकरनगर से डीसीपी आगरा के रूप में तैनाती दी गई है।

मैनपुरी के नेहरू स्टेडियम का कायाकल्प कराने की मांग

सपा सांसद ने डीएम को लिखा पत्र, कहा जिला प्रशासन जल्दी सुधार कराएं

मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। शहर के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम की बदहाली को लेकर सांसद डिंपल यादव ने जिलाधिकारी मैनपुरी को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में स्टेडियम की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताई और तुरंत जांच कराने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि 26 जुलाई को एक कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान स्टेडियम के मैदान में खुदाई और दूसरे काम किए गए थे। सांसद ने लिखा कि करीब दो महीने बीत जाने के बाद भी मैदान को अब तक ठीक नहीं किया गया है।

डीएम को भेजे पत्र में सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा है कि मैदान की खराब स्थिति के कारण खिलाड़ियों, सेना और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों और रोज टहलने आने वाली महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी हो रही है। उन्होने कहा कि मैदान की खराब स्थिति के कारण खिलाड़ियों, सेना और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों को परेशानी हो रही है। उन्होंने डीएम से स्टेडियम का तत्काल ही निरीक्षण कराने और मैदान को पुराने स्वरुप में लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी काम जल्दी पूरा करने के निर्देश देने को कहा है। साथ ही इस बारे में की गई कार्रवाई की जानकारी देने का भी अनुरोध किया है।

जिला प्रशासन को ध्यान देने का कहा- ज्ञात हो कि शहर के नेहरू स्टेडियम में खेल गतिविधियां लगातार होती रही हैं। इसी साल यहां कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ था। अगस्त 2026 में सामने आई जानकारी के अनुसार स्टेडियम में मैदान को बेहतर बनाने, तरणताल की मरम्मत और बाउंड्रीवॉल ऊंची करने की तैयारी भी की जा रही थी। उन्होंने स्टेडियम की खराब हालत की तस्वीरें जारी करते हुए कहा कि जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। यहां का निरीक्षण करके व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जिले की धरोहर है और इसे सुरक्षित व ठीक रखना अधिकारियों का काम है।

खोदाई के बाद ऐसे ही छोड़ा गया

ज्ञात हो कि जल्दी में स्टेडियम में हुए एक कार्यक्रम के लिए वहां खुदाई की गई थी। लेकिन उसके बाद उसे ठीक से व्यवस्थित नहीं किया गया और ऐसे ही खुला छोड़ दिया गया। इसके अलावा भी वहां की दूसरी व्यवस्थाओं को लेकर मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने सवाल उठाए हैं।

जाहरवीर बाबा गोगा महाराज की शोभा यात्रा पर पुष्पवर्षा

शोभायात्रा के दौरान बारिश ने डाला खलल, भीगते रहे श्रद्धालु

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कुरावली/मैनपुरी। जाहरवीर बाबा गोगा महाराज की वार्षिक शोभा यात्रा शनिवार को बड़े ही भक्तिमय माहौल में निकाली गई। सुबह घिरोर रोड स्थित पेट्रोल पंप पर विधिवत पूजन अर्चन के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। पूजन बाबा कैलाश अग्रवाल एवं बाबा सुरेंद्र गुप्ता द्वारा कराया गया। शोभा यात्रा को चेयरमैन धर्मेंद्र वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यात्रा के दौरान बीच-बीच में हल्की बारिश होती रही, लेकिन श्रद्धालुओं के उत्साह और भक्ति भाव में कोई कमी नहीं आई। बारिश की बूंदों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु यात्रा के साथ आगे बढ़ते रहे। झांकियों पर बरसात की फुहारें जैसे आभा बिखेर रही थीं। लोग भीगते हुए ह्यजय जाहरवीर बाबाह्ल के जयकारे लगाते नजर आए। यात्रा में विभिन्न धार्मिक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। इनमें हनुमान जी, राधा-कृष्ण, गणेश जी, मां काली, शिव-पार्वती एवं जाहरवीर बाबा की भव्य झांकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। झांकियों के साथ अखाड़ा प्रदर्शन व दो बैंड की धुनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभा यात्रा निर्धारित मार्ग घिरोर रोड, जीटी रोड, सदर बाजार, बाईपास होते हुए महाराज जी बाबा मंदिर से वापस फर्दखाना स्थित जाहरवीर बाबा गोगा महाराज के मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया।

इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अभिलाख सिंह राठौर, प्रमुख समाजसेवी आलोक गुप्ता, रजत जादौन, समाजसेवी बविता वर्मा, सपा नेत्री अमृता गुप्ता, नमन वर्मा, राघवेन्द्र राठौर, विक्रम वर्मा, नंदन गुप्ता, अवधेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

जब अपनों का कंधा नहीं मिला, तब फाउंडेशन ने दिया कंधा

लगातार दो अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार, फाउंडेशन ने अब तक 75 को दी अंतिम विदाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। जनपद में अज्ञात शवों को सम्मानजनक अंतिम विदाई देने का कार्य नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन की टीम लगातार कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार और शुक्रवार को लगातार दो दिनों में दो अज्ञात शवों का सनातन संस्कृति और विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया। इन दोनों मामलों के साथ फाउंडेशन की ओर से अब तक 75 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार कराया जा चुका है।

गुरुवार को थाना किशनी क्षेत्र की रामनगर चौकी अंतर्गत नहर में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। शव की पहचान के लिए पुलिस स्तर से आवश्यक कार्रवाई और प्रयास किए गए, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद फाउंडेशन की टीम ने शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया। वहीं शुक्रवार को थाना घिरोर क्षेत्र में एक अज्ञात युवक का शव मिला। इस शव की भी पहचान नहीं हो सकी। आवश्यक पुलिस कार्रवाई के बाद फाउंडेशन की टीम ने युवक के शव का भी सनातन परंपरा और विधि-विधान के अनुसार अंतिम संस्कार कराया।

फाउंडेशन की टीम का कहना है कि संस्था की ओर से उन लोगों को अंतिम विदाई देने का प्रयास किया जाता है, जिनकी पहचान नहीं हो पाती और जिनके अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजन उपलब्ध नहीं होते। संस्था द्वारा पुलिस-प्रशासन की आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ऐसे शवों के अंतिम संस्कार में सहयोग किया जाता है। फाउंडेशन द्वारा पिछले कुछ वर्षों से यह कार्य किया जा रहा है। संस्था की ओर से अब तक 75 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार कराया जा चुका है। फाउंडेशन के पदाधिकारियों के अनुसार, सेवा कार्य का उद्देश्य ऐसे लोगों को भी सम्मानजनक अंतिम विदाई देना है, जिनके अंतिम समय में उनके परिजन मौजूद नहीं हो सके।

उत्तम शौच धर्म मन की पवित्रता ही जीवन की सुंदरता

दसलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म पर प्रवचन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपरी। शनिवार को जनपद के सभी जिनालियों में श्री जी के अभिषेक व बृहद शांति धारा एवम् संगीतमय नित्य पूजन के साथ उत्तम शौच धर्म की पूजा के मध्य पुष्पदंत भगवान के मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव पर भक्ति के साथ निर्वाण लाडू समर्पित किया गया।

करहल रोड स्थित श्री 1008 श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में प्रातः 6.45 बजे पंडित मयंक जैन शास्त्री के सानिध्य में विधि विधान पूर्वक भक्ति भाव से श्री जी का अभिषेक करने का सौभाग्य महामंत्री विशाल जैन जोली, राहुल, धनी, सुब्रत, तरुण, शिवांग, अनंत, शैलेश, सुनीत, आलोक, अंकित, सुजल, सौरभ जैन को मिला। तथा शांति धारा योगी जैन, चंदन, आशीष जैन ने की। तत्वपश्चात महावीर जिनालय में सांगानेर से पधारे पंडित शुभम जैन शास्त्री ने अपने प्रवचन में उत्तम शौच धर्म का सार बताते हुए कहा कि केवल शरीर को धो लेने से मनुष्य पवित्र नहीं होता, पवित्रता तो मन को धोने से आती है। मन का लोभ एक ऐसी आग है जिसमें कितना भी डालो, वह और भड़कती है। सांयकालीन सभा में आदिनाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर में आरती, प्रवचन, प्रश्नमंच के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, दश धर्म के ऊपर जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा शिक्षिका निशंका जैन के मार्गदर्शन में एक शिक्षाप्रद नाटिका का मंचन किया गया। जिसका उद्देश्य था कि दश धर्म के दिनों में किस तरह का आचरण करना चाहिए। संजय जैन संसारपुर, पंकज जैन एलआईसी ने बच्चों को पुरस्कृत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन निशंका जैन द्वारा किया गया ।

महामंत्री विशाल जैन (जॉली) ने बताया कि इन पर्व के दिनों में सामूहिक रूप से अभिषेक, पूजा, शांतिधारा के बाद पंडित जी द्वारा तत्वार्थ सूत्र का वाचन के साथ दश अध्यायों में प्रतिदिन एक अध्याय के ऊपर प्रवचन होता है। श्रमण भारती के राहुल जैन, सुनीत जैन ने बताया कि सायंकालीन सभा में प्रतिदिन शिक्षाप्रद, संदेशपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में आकर्षक पुरस्कार उत्साहवर्धन के लिए प्रतिदिन वितरित किये जा रहे है।

धार्मिक आयोजन में पंडित अन्नत जैन, रमेश जैन, शैलेश मोदी, सुशील पारले, अनंतकांत जैन, सौरभ स्टाइल, चंदन जैन, आलोक जैन बॉबी, अंकित जैन, रेखा जैन, गुड़िया जैन, विजयलक्ष्मी जैन, सुनीता जैन, मोनिका जैन, स्वाति जैन आदि उपस्थित रहे।

पेड़ के सहारे छत पर चढ़ा चोर, जाल तोड़कर शोरूम में घुसा; 10 मिनट में नकदी लेकर फरार

मोर्निंग सिटी

आगरा। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में चोर ने शोरूम में दाखिल होने के लिए अनोखा रास्ता अपनाया। हाथरस रोड स्थित अंबेडकर तिराहे के पास हरेंद्र एंटरप्राइजेज शोरूम को निशाना बनाने वाला चोर बाहर लगे पेड़ के सहारे छत पर पहुंचा। इसके बाद छत पर लगे लोहे के जाल की पत्तियां तोड़कर केबल के सहारे शोरूम के अंदर उतर गया। करीब 10 मिनट तक शोरूम खंगालने के बाद काउंटर से करीब 20 हजार रुपये नकद समेटे और उसी रास्ते से फरार हो गया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपित की तलाश में जुटी है। शोरूम संचालक राजवीर सिंह शुक्रवार सुबह प्रतिष्ठान पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा मिला। जांच करने पर काउंटर से नकदी गायब थी और जाल टूटा हुआ मिला। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची ट्रांस यमुना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ शोरूम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में चोर की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दीं।

सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, आरोपित ने वारदात से पहले शोरूम की रेकी की थी। शाम करीब चार बजे एक संदिग्ध युवक शोरूम के आसपास घूमता और गतिविधियों पर नजर रखता दिखाई दिया। रात करीब दो बजे वह दोबारा वहां पहुंचा। बाहर लगे पेड़ के सहारे छत पर चढ़ने के बाद उसने लोहे के जाल की पत्तियां तोड़ीं और केबल के सहारे अंदर उतर गया। शोरूम में दाखिल होने के बाद चोर ने करीब 10 मिनट तक अलमारी और गोदाम को खंगाला। उसने अलमारी के ताले तोड़ने का प्रयास भी किया। हालांकि उसके हाथ काउंटर में रखी करीब 20 हजार रुपये की नकदी लगी। रकम समेटने के बाद वह उसी रास्ते से बाहर निकल गया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान करने में जुटी है।

आसपास के प्रतिष्ठानों और रास्तों पर लगे कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, जिससे उसके आने-जाने के रास्ते का पता लगाया जा सके। शोरूम संचालक के मुताबिक, वर्ष 2018 में भी प्रतिष्ठान में बड़ी चोरी हो चुकी है। 12 फरवरी 2018 को हुई उस घटना में चोर नकदी के साथ बैटरी और इन्वर्टर ले गए थे। तब करीब छह लाख रुपये का नुकसान हुआ था। करीब आठ वर्ष बाद दोबारा शोरूम को निशाना बनाए जाने से सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी है।

मोहम्मदाबाद में बुलेरो सवारों से मारपीट, बाइक सवार युवकों पर आरोप

मोर्निंग सिटी

टूंडला। थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव स्थित सराहना होटल के पास बुलेरो सवार लोगों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने गांव के कुछ बाइक सवार युवकों पर गाली-गलौज करने और वाहन रोककर मारपीट करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया गया है कि धीरज,कुलदीप यादव चालक,श्याम सिंह और तीन लेबर के साथ बुलेरो से आगरा एयरपोर्ट खेरिया से लौट रहे थे।आरोप है कि मोहम्मदाबाद गांव के पास कुछ बाइक सवार युवकों ने साइड देने को लेकर विवाद करते हुए बुलेरो को रुकवा लिया। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए बाइक सवार युवकों ने बुलेरो सवारों के साथ मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित पक्ष ने बाइक संख्या यढ 83` 5262 समेत तीन बाइक सवार युवकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ितों के अनुसार, दो अन्य युवक भी अलग-अलग बाइक पर सवार थे और घटना में शामिल थे। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।जांच के आधार पर आरोपों की सत्यता और घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा।

सड़क हादसे में महिला की मौत, शव थाने के सामने रखकर दो घंटे हंगामा

मोर्निंग सिटी

आगरा। बरहन थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत के बाद शनिवार को स्वजन ने शव थाने के सामने सड़क पर रखकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। स्वजन ने पुलिस पर हादसे में शामिल आरोपित को बचाने का आरोप लगाया। करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद एसीपी एत्मादपुर और बरहन पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। इसके बाद जाम खुलवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए भेजा गया। बैनई ठेकरी निवासी नगीना (30) पत्नी नईम खान शुक्रवार शाम करीब चार बजे बरहन-आंवलखेड़ा मार्ग पर बैनई बंबा के पास सड़क किनारे पटरी पर बैठकर बकरी चरा रही थीं। इसी दौरान तेज गति से आए अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में नगीना गंभीर रूप से घायल हो गईं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायल महिला को उपचार के लिए आगरा भेजा गया। अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। स्वजन का आरोप है कि जिस मोटरसाइकिल से हादसा हुआ, उस पर पीछे एक संदिग्ध महिला भी बैठी थी। टक्कर के दौरान वह महिला भी सड़क पर गिर गई, जबकि मोटरसाइकिल सवार मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने महिला को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। स्वजन का आरोप है कि कुछ घंटे बाद पुलिस ने महिला को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया। शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद नगीना का शव बरहन थाने पहुंचा। शव देखते ही स्वजन में आक्रोश फैल गया। उन्होंने शव को थाने के सामने सड़क पर रख दिया और जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। स्वजन आरोपी मोटरसाइकिल सवार की गिरफ्तारी और मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सूचना पर एसीपी एत्मादपुर भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने स्वजन को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद जाम खुलवाया गया और शव को अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया गया। पुलिस हादसे की परिस्थितियों और मौके पर मौजूद संदिग्ध महिला की भूमिका समेत पूरे मामले की जांच कर रही है। मां की मौत से चार बच्चों के सिर से उठा साया: नगीना की मौत से उनके चार छोटे बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया।

शिक्षकों ने प्रधानाचार्य पर लगाया मानसिक उत्पीड़न का आरोप, DIOS ने मांगा स्पष्टीकरण

मोर्निंग सिटी

बाह। दामोदर इंटर कॉलेज होलीपुरा, बाह में शिक्षकों ने प्रधानाचार्य पर मानसिक उत्पीड़न और अमर्यादित व्यवहार करने के आरोप लगाए हैं। मामले में शिक्षकों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) आगरा को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कॉलेज के प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा से स्पष्टीकरण मांगा है।शिक्षकों संजीव अभिषेक, संदीप कुमार शर्मा, त्रिवेश कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य द्वारा उनके साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने, गाली-गलौज करने तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है। शिक्षकों का यह भी आरोप है कि उन्हें छात्रों के सामने कथित रूप से अपमानित किया गया। शिकायतकताओं के अनुसार, उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में उपलब्ध साक्ष्य भी जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्डर आगरा ने प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर आरोपों के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।अब प्रधानाचार्य की ओर से दिए जाने वाले स्पष्टीकरण के बाद ही मामले की स्थिति स्पष्ट होगी। वहीं, शिक्षकों ने निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

आगरा में तीन डीसीपी बदले, पांच नए आईपीएस की तैनाती

मोर्निंग सिटी

आगरा। उत्तर प्रदेश में शनिवार को 35 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। शासन की ओर से जारी तबादला सूची में आगरा पुलिस कमिश्नरेट में भी बड़ा फेरबदल किया गया है। आगरा के तीन डीसीपी को नई जिम्मेदारी दी गई है, जबकि पांच नए आईपीएस अधिकारियों की तैनाती की गई है। आगरा के डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास को पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। पुलिस उपायुक्त अतुल शर्मा को पुलिस अधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है। वहीं डीसीपी यातायात सोनम कुमार को पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में पुलिस उपायुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। आगरा में कानपुर नगर के पुलिस उपायुक्त रविंद्र कुमार को पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। गौतमबुद्ध नगर के पुलिस उपायुक्त शाद मियां खां को भी आगरा में पुलिस उपायुक्त के पद पर भेजा गया है। सहारनपुर में सहायक पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार यादव को आगरा में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। गोरखपुर में पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद को पुलिस उपायुक्त आगरा भेजा गया है। वहीं अंबेडकर नगर में पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार को भी पुलिस उपायुक्त बनाकर आगरा भेजा गया है। 35 आईपीएस अधिकारियों के तबादलों के बाद आगरा पुलिस कमिश्नरेट में अधिकारियों की नई टीम तैयार हो गई है। नई तैनाती के साथ शहर की कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारियों में भी बदलाव होगा।

सीकरी पालिका साफ-सफाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति विश्व धरोहर नगरी में जलभराव से छवि पर दाग

सीकरी में स्वच्छता अभियान की उड़ रही धज्जियां, विश्व धरोहर के मेन रास्ते पर जलभराव ने खोली नगर पालिका की पोल

बुलंद दरवाजा रोड पर तालाब जैसा नजारा, टूरिस्ट वाहन जलभराव से गुजरने को मजबूर, स्वच्छता पर उठ रहे सवाल

मोर्निंग सिटी

फतेहपुर सीकरी (आगरा)। विश्व धरोहर नगरी फतेहपुर सीकरी में नगर पालिका परिषद के साफ-सफाई और विकास के लाखों के दावे हवाई साबित हो रहे हैं। स्वच्छता अभियान को पलीता लगाता एक नजारा विश्व धरोहर स्थल के मेन रास्ते पर देखने को मिला, जहां जलभराव ने पूरी पालिका की पोल खोल दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीकरी स्मारक और बुलंद दरवाजे को जाने वाले मुख्य मार्ग पर भारी जलभराव हो रहा है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से मेन रोड पर तालाब जैसा नजारा बना हुआ है। आलम यह है कि राहगीरों का चलना दुश्वार हो गया है।सबसे बड़ी बात यह है कि इसी रास्ते से रोजाना हजारों की संख्या में देशी-विदेशी टूरिस्ट फतेहपुर सीकरी स्मारक निहारने आते हैं। टूरिस्ट वाहन इसी जलभराव भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। देशी-विदेशी टूरिस्ट जलभराव देख स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।इस जलभराव की तस्वीर हकीकत बयां कर रही है कि नगर पालिका साफ-सफाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर रही है। विश्व धरोहर नगरी में जलभराव से छवि पर दाग लग रहा है। स्थानीय दुकानदारों और सीकरी निहारने आने वाले टूरिस्टों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव की समस्या से निजात दिलाने में सीकरी पालिका पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। अब बड़ा सवाल यह है कि विश्व धरोहर के बुलंद दरवाजे को जाने वाले मेन रास्ते पर फैले इस जलभराव से कब मिलेगा छुटकारा और कब जागेगी सीकरी नगर पालिका ?

महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया

मोर्निंग सिटी

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1090 वीमेन पावर लाइन
181 वीमेन हेल्पलाइन
112 पुलिस आपातकालीन सेवा
102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस
108 सामान्य एम्बुलेंस सेवा
1098 चाइल्ड लाइन
101 अग्निशमन सेवा
1930 साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

धूमधाम से निकली श्री नारायणी माता चतुर्थ पदयात्रा

मोर्निंग सिटी

फतेहपुर सीकरी । कस्बा के तेहरा दरवाजा स्थित नारायणी माता मंदिर से शनिवार को सविता सेन समाज द्वारा चतुर्थ पदयात्रा कुलदेवी माता नारायणी धाम के लिए प्रस्थान हुई ,कस्बा के बाजार में पदयात्रा निकालने के दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । शनिवार प्रात 10 बजे तेहरा दरवाजा स्थित नारायणी देवी मंदिर पर हवन , पूजा अर्चना के बाद सैकड़ो की संख्या में सेन सविता समाज के महिला पुरुष श्री नारायणी माता चतुर्थ पदयात्रा के लिए निकले , जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष शिव नारायण ,उपाध्यक्ष फूल सिंह,कोषाध्यक्ष रामस्वरूप दाउदपुर ,सचिव मुकेश कुमार,संयोजक श्याम सिंह,विष्णु सरसा महावीर प्रसाद, पूरन सिंह ,संतोष कुमार , निर्भय सिंह ,चोखेलाल, पप्पू सविता, सनी सविता, गोपाल सविता समेत बड़ी संख्या में सेन सविता समाज के लोग मौजूद रहे।

नारखी में विद्युत तार चोरों का तांडव, थाने से 400 मीटर दूर 1400 मीटर एचटी लाइन चोरी

मोर्निंग सिटी

टूंडला। थाना नारखी क्षेत्र में विद्युत तार चोरों का गिरोह लगातार सक्रिय है। चोरों ने थाना परिसर से महज करीब 400 मीटर की दूरी पर 1400 मीटर हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया। जेई नारखी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया है कि पिछले करीब 15 दिनों से क्षेत्र में विद्युत तार चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। चोर गिरोह द्वारा कई गांवों में विद्युत लाइनों को निशाना बनाया जा चुका है। इससे विद्युत विभाग को राजस्व की बड़ी क्षति होने के साथ ही किसानों में भी भय का माहौल है।थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की गशत और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों और विद्युत विभाग के कर्मचारियों में इस बात को लेकर चिंता है कि आखिर लगातार हो रही विद्युत तार चोरी की घटनाओं पर अंकुश कब लगेगा और चोरों का खुलासा कब तक होगा।

एक ही परिसर में दो बड़े आयोजनों से भीड़ का दबाव, सौंपा ज्ञापन

मोर्निंग सिटी

टूंडला। ठाकुर बीरी सिंह महाविद्यालय परिसर में दुर्गा पूजा महोत्सव के साथ रामलीला मंचन व रावण दहन कराए जाने के निर्णय पर श्री हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। शनिवार को अध्यक्ष रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम दिव्या सिंह, तहसीलदार देवानंद तिवारी और सीओ अरुण कुमार चौरसिया को ज्ञापन सौंपकर रामलीला व रावण दहन के लिए वैकल्पिक स्थल निर्धारित करने की मांग की। कमेटी ने कहा कि दुर्गा पूजा पंडाल में ज्वलनशील सामग्री के कारण रावण दहन व आतिशबाजी से आग लगने का खतरा है। एक ही परिसर में मेला, झूले और पार्किंग के साथ दोनों आयोजनों से भीड़ का दबाव बढ़ने और भगदड़ की आशंका भी जताई गई। कमेटी के अनुसार सप्तमी से नवमी तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जबकि परिसर में प्रवेश-निकास के लिए केवल दो द्वार हैं। पदाधिकारियों ने करीब 150 वर्ष पुरानी रामलीला परंपरा को बनाए रखते हुए शहर में किसी अन्य उपयुक्त स्थल पर रामलीला और रावण दहन कराने का सुझाव दिया। इस दौरान महासचिव सुदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष रामकुमार चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

ठेका बंद कराने की मांग को लेकर महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

मोर्निंग सिटी

टूंडला। थाना नगला सिंघी क्षेत्र के ठार गंगाराम गांव में शनिवार को देसी शराब की दुकान के विरोध में करीब 10-15 स्थानीय महिलाओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।राजकुमारी के नेतृत्व में महिलाओं ने शराब की दुकान पर पहुंचकर सांकेतिक रूप से हाथ खड़े कर विरोध जताया। महिलाओं का आरोप है कि गांव में शराब का ठेका संचालित होने से शराब पीकर पुरुष महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं और शराब के नशे में गाली-गलौज करते हैं। महिलाओं का यह भी आरोप है कि सुबह करीब चार बजे से ही शराब की बिक्री शुरू हो जाती है और दुकान आबादी के बीच संचालित हो रही है। विरोध की सूचना पर पहुंचने से पहले ही शराब दुकानदार दुकान बंद कर चला गया था। वहीं,पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले प्रदर्शन कर रही महिलाएं अपने-अपने घर लौट गईं।प्रदर्शन में रामवती, ओमवती,गुड्डी देवी, रामा देवी,शारदा देवी, सुख देवी,कमला देवी, नारायण देवी,लज्जा देवी आदि महिलाएं शामिल रहीं।

आगरा में राष्ट्रीय रोजगार मेले की 20वीं कड़ी का आयोजन, 164 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

मोर्निंग सिटी

आगरा। सूर सदन प्रेक्षागृह में शनिवार को भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय रोजगार मेले की 20वीं कड़ी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्रालय प्रो. एसपी सिंह बघेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान आगरा में विभिन्न केंद्रीय विभागों में चयनित 164 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रीय रोजगार मेले की इस कड़ी में देशभर के 45 स्थानों पर 51 हजार से अधिक नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। उत्तर प्रदेश पश्चिम एवं उत्तराखंड क्षेत्र के आगरा और देहरादून केंद्रों पर कुल 305 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें आगरा के 164 अभ्यर्थी शामिल रहे। आगरा में आयकर विभाग के 124, डाक विभाग के 21, उच्च शिक्षा विभाग के 13, वित्तीय सेवा विभाग के तीन, सीमा सुरक्षा बल के एक और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के दो अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। नव नियुक्त अभ्यर्थियों, अधिकारियों और अतिथियों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। इस दौरान केंद्र सरकार की विकास यात्रा और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार शिक्षा है। शिक्षा केवल रोजगार हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक बदलाव की महत्वपूर्ण कुंजी है। गरीबी और असमानता दूर करने के लिए प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और समान शिक्षा का अवसर मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक ज्ञान और कौशल के साथ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संस्कार और लक्ष्य हासिल करने की क्षमता विकसित करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध ज्ञान, संस्कृति और भाषाई परंपरा का अपना गौरवशाली इतिहास है। विदेशी भाषाओं का ज्ञान हासिल करना अच्छी बात है, लेकिन मातृभाषा और भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना भी बनी रहनी चाहिए। युवाओं को सफलता के लिए शिक्षा के साथ मेहनत, लगन और आत्मविश्वास को भी जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। चयन प्रक्रिया पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में अपने ज्ञान, व्यक्तित्व और संवाद क्षमता को प्रस्तुत करने का उचित अवसर मिलना चाहिए। चयन प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

केंद्रीय मंत्री ने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को बधाई देते हुए उनसे सरकारी सेवा में अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने और देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों के बच्चों को समान अवसर मिलने पर ही सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, उत्तर प्रदेश पश्चिम एवं उत्तराखंड ने नव नियुक्त अभ्यर्थियों का आयकर विभाग में स्वागत किया।

मेला जल विहार व गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के पूर्व व्यवस्था सुधार की मांग

मोर्निंग सिटी

झांसी: आज मेला जल विहार समिति के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में समिति का एक प्रतिनिधि मण्डल नगर मजिस्ट्रेट योगेश्वर सिंह से मिला और उनसे मेला जल विहार एवं गणेश उत्सव को देखते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराये जाने की मांग की। अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि गणेश उत्सव के समापन पर प्रतिमाओं के विसर्जन में परंपरागत मेला जलविहार का आयोजन होता है, जिसमें विभिन्न स्थानों प्रतिमाएं एवं मंदिरों से विमान निकलते हैं। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को देखते हुए नगर निगम को पूर्व में आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के लिए अवगत कराया गया था। परंतु आज भी शहर की विभिन्न सड़कों पर गहरे गड्ढे मौजूद हैं, बिजली के तार नीचे लटक रहे हैं, पेड़ों की टूटी हुई टहनियाँ हादसे का कारण बन सकती हैं।लक्ष्मी तालाब के समीप प्रतिमाओं के विसर्जन कुंड में गंदा पानी भरा हुआ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने नगर मजिस्ट्रेट से स्पष्ट रूप से कहा कि इन समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करें ताकि मेला जल विहार के दौरान श्रद्धालुओं और विमान यात्रा में शामिल लोगों को परेशानी न हो और कोई अप्रिय घटना का सामना न करना पड़े। प्रतिनिधि मण्डल में विनोद अवस्थी, अभिषेक साहू, अतुल मिश्रा व प्रशांत वर्मा शामिल रहें।

दाऊजी मेले में आज जुटेंगी मीडिया जगत की प्रमुख हस्तियां

मोर्निंग सिटी

हाथरस। ब्रज के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक 115वें राजकीय लक्खी मेला दाऊजी महाराज महोत्सव में रविवार 20 सितंबर को प्रातः 10 बजे मेला पंडाल में विशाल प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकार सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन में दिल्ली और लखनऊ से मीडिया जगत की प्रमुख हस्तियों के साथ पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ।संयोजक उमाकांत पुंडीर और शुभम गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में एडिटर क्लब ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट एवं राष्ट्रवाणी न्यूज चैनल के चेयरमैन व एडिटर इन चीफ अमिताभ अग्निहोत्री, न्यूज वन इंडिया के एडिटर इन चीफ एवं सीईओ अनुराग चड्ढा, भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अरुण कुमार त्रिपाठी तथा ऑल इंडिया स्माल एंड मीडियम न्यूजपेपर फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव एवं भारतीय प्रेस परिषद के पूर्व सदस्य अशोक कुमार नवरत्न सहित मीडिया जगत की प्रमुख हस्तियां भाग लेंगी ।उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान दाऊजी महाराज एवं रेवती मैया के भव्य फूल बंगला श्रृंगार तथा अलौकिक 56 भोग के दर्शन भी होंगे। सम्मेलन में सांसद अनूप प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा, विधायक अंजुला सिंह माहौर, वीरेंद्र सिंह राणा और प्रदीप चौधरी गुड्डू सहित जनप्रतिनिधि तथा जिलाधिकारी अतुल वत्स, पुलिस कप्तान चिरंजीव नाथ सिन्हा, सीडीओ पीएन दीक्षित, एडीएम प्रशांत तिवारी, एडीएम न्यायिक प्रकाश चंद्र, एएसपी रामानंद कुशवाहा सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकारी सहभागिता करेंगे। संयोजकों ने जनपदभर के पत्रकारों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का अनुरोध किया है।

दाऊजी मेले में 21 सितंबर को गूंजेगा गंगा-जमुनी मुशायरा

हाथरस। दाऊजी महाराज मेले के विशाल पंडाल में 21 सितंबर की रात नौ बजे ऑल इंडिया गंगा-जमुनी मुशायरा एवं कवि सम्मेलन आयोजित होगा। ब्रज कला केंद्र के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में देशभर से आए शायर और कवि अपनी रचनाओं के जरिए हिंदू-मुस्लिम एकता, देशप्रेम और सामाजिक सौहार्द का संदेश देंगे ।कार्यक्रम में कुंवर जावेद, सलमान जफर, विकास सहाय, राजेंद्र विश्वकर्मा, उपासना सिंह, राशिद राहत, रुबीना अयाज, डॉ. दीपक कुमार जायसवाल और सुखप्रीत सिंह सुखी सहित अनेक रचनाकार काव्य पाठ करेंगे। उद्घाटन जिलाधिकारी अतुल वत्स, पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिन्हा, कमल किशोर वार्ष्णेय, गजेंद्र शर्मा, राजन चतुर्वेदी पाठक एवं विशाल पांडे करेंगे। कार्यक्रम का निर्देशन एसडीएम सदर राज बहादुर सिंह करेंगे ।संयोजक एवं ब्रज कला केंद्र अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने बताया कि आयोजन में शहर की महान विभूतियों की स्मृतियों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से कार्यक्रम में पहुंचकर साहित्यिक संध्या का आनंद लेने की अपील की।

विभिन्न खेलों के जिला स्तरीय चयन-ट्रायल की तिथियां घोषित

मोर्निंग सिटी

हाथरस। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए जिला स्तरीय चयन-ट्रायल जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होंगे। सीनियर पुरुष हॉकी के ट्रायल 21 सितंबर, जूनियर बालक कुश्ती 22 सितंबर, सीनियर पुरुष एथलेटिक्स 23 सितंबर, सीनियर पुरुष-महिला एथलेटिक्स 24 सितंबर, सब जूनियर बालक हॉकी 25 सितंबर, जूनियर बालक-बालिका बैडमिंटन 30 सितंबर, सीनियर महिला हॉकी 3 अक्टूबर और सब जूनियर बालिका बास्केटबॉल के ट्रायल 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होंगे ।चयनित खिलाड़ियों के मंडल स्तरीय ट्रायल अलीगढ़ में संबंधित तिथियों पर होंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं वाराणसी, इटावा, बरेली, उन्नाव, अलीगढ़ और कानपुर देहात में आयोजित की जाएंगी। ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को सभी मूल प्रमाणपत्र, आयु प्रमाणपत्र और आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। दस्तावेज न होने पर ट्रायल में प्रतिभाग की अनुमति नहीं होगी।

मकान में अवैध पटाखा बनाते दो गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी

हाथरस। थाना सिकंदराराऊ पुलिस ने नौरंगाबाद पूर्वी स्थित एक मकान में अवैध रूप से पटाखे बना रहे निखिल कुमार और समीर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से कुल 45.100 किलोग्राम सामग्री बरामद की। इसमें 19 किलोग्राम गिल्ली बम, 10.400 किलोग्राम अर्धनिर्मित गिल्ली व बत्ती, 13.700 किलोग्राम गिल्ली बम तथा दो किलोग्राम बारूद पाउडर शामिल है ।पुलिस के अनुसार दोनों बिना लाइसेंस पटाखा निर्माण कर रहे थे और आगामी त्योहारों पर इन्हें बेचने की तैयारी में थे। मामले में विस्फोटक अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

सेवा संकल्प अभियान में स्टेडियम में हुआ पौधरोपण

मोर्निंग सिटी

हाथरस। सेवा संकल्प अभियान के तीसरे दिन जिला खेल कार्यालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में पौधरोपण अभियान चलाया गया। उप क्रीड़ा अधिकारी काशी नरेश यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और कर्मचारियों ने पौधे लगाए। इस दौरान दीपा कश्यप, सुजी यादव, अंसार हुसैन, वर्षा रानी, सीमा सागर, असलम खां और सुनील मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान में होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

मोर्निंग सिटी

हाथरस। सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। ह्यमेरे सपनों का भारतह्न थीम पर 17 से 27 सितंबर तक कक्षा 5 से 8 के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला तथा कक्षा 9 से 12 के लिए भाषण प्रतियोगिता होगी। विद्यालय व विकास खंड स्तर पर ड्राइंग प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।21 से 28 सितंबर तक विद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थानों में ह्यइंटेलेक्चुअल का युवाओं से संवादह्न तथा ह्यविकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेशह्न विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 2 अक्टूबर को सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज में आयोजित होगी। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार प्रतियोगिताएं कराने के निर्देश दिए हैं।

मेरे सपनों का भारत पर विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

मोर्निंग सिटी

हाथरस। सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत मेरे सपनों का भारत थीम पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला, भाषण एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। मुख्य विकास अधिकारी पीएन दीक्षित ने दीप इंटर कॉलेज, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज और कंपोजिट विद्यालय हतीसा का निरीक्षण कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया ।दीप इंटर कॉलेज में पेंटिंग में 80, भाषण में 10 और सामान्य ज्ञान में 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में क्रमशः 42, 7 और 22 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कंपोजिट विद्यालय हतीसा में 93 बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सीडीओ ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें देश के विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए सकारात्मक सोच रखने को प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

स्वास्थ्यकर्मियों को अन्तरा-SC का प्रशिक्षण

मोर्निंग सिटी

हाथरस। परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सीएमओ कार्यालय सभागार में टीम लखनऊ के सहयोग से अन्तरा त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन का जनपद स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें सासनी, महो व जिला महिला चिकित्सालय के मेडिकल ऑफिसर, स्टाफ नर्स, सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में इंजेक्शन की उपयोग विधि, पात्र लाभार्थियों का चयन, परामर्श, संभावित दुष्प्रभाव व फॉलोअप की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता बढ़ाकर पात्र लाभार्थियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।

सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर की भर्ती के लिए पंजीयन शिविर

मोर्निंग सिटी

हाथरस। जीडीएक्स सिक्योरिटी नोएडा द्वारा सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर पदों पर भर्ती के लिए जिले के सभी विकास खंडों में पंजीयन शिविर लगाए जाएंगे। सादाबाद में 28 सितंबर, सहपऊ में 29 सितंबर, हसायन में 30 सितंबर, सासनी में 1 अक्टूबर, सिकंदराराऊ में 3 अक्टूबर, मुरसान में 5 अक्टूबर और हाथरस विकास खंड में 6 अक्टूबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित होगा ।सुरक्षा गार्ड के लिए हाईस्कूल उत्तीर्ण, आयु 19 से 45 वर्ष, कद 168 सेंटीमीटर और वजन 55 किलोग्राम निर्धारित है। सुपरवाइजर पद के लिए इंटरमीडिएट, कंप्यूटर ज्ञान और 21 से 45 वर्ष आयु आवश्यक है। पंजीयन के बाद प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित विकास खंड मुख्यालय पर पहुंचकर पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9667989093 पर संपर्क किया जा सकता है।

बुद्ध की गाथा में दस पारमिताओं का वर्णन

मोर्निंग सिटी

हाथरस। रुदायन रोड स्थित सम्यक पुस्तकालय एवं वाचनालय अम्बेडकर पार्क में भीम और बौद्ध गाथा कार्यक्रम आयोजित हुआ। बौद्धाचार्य पूरन सागर ने बुद्ध के जन्म तक की बोधिसत्व गाथा का संगीतमय वर्णन करते हुए बुद्ध बनने के लिए आवश्यक दस पारमिताओं और बुद्ध के नौ प्रमुख गुणों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन पूरन सागर बौद्धाचार्य तथा सह-संचालन पुस्तकालय प्रबंधक राजेश बौद्ध ने किया। आयोजन भीमराव अम्बेडकर शैक्षिक एवं सामाजिक विकास समिति सासनी, दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया शाखा हाथरस व क्षेत्रीय संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। अंत में आयोजकों ने क्षेत्रवासियों का आभार जताते हुए बच्चों व युवाओं में अध्ययन की प्रवृत्ति बढ़ाने का आह्वान किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक मौजूद रहे।

भुगतान में पिछड़े तो कार्रवाई तय, सीएमओ ने 100% भुगतान के दिए निर्देश

मोर्निंग सिटी

हाथरस। जननी सुरक्षा योजना के भुगतान में हाथरस तीन माह तक प्रथम स्थान पर रहने के बाद 19 सितंबर को तीसरे स्थान पर पहुंच गया। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, शहरी स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों और ब्लॉक लेखा प्रबंधकों को 20 सितंबर शाम 5:30 बजे तक सभी लाभार्थियों का 100 प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ।सीएमओ ने स्पष्ट किया कि भुगतान 85 प्रतिशत से कम रहने पर सीएम डैशबोर्ड की रैंक बी में जा सकती है। लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला लेखा प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक और जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता को हर घंटे भुगतान की प्रगति की समीक्षा कर तत्काल रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

दर्जनभर शिकायतों में सिमटा संपूर्ण समाधान दिवस

मोर्निंग सिटी

हाथरस। तहसील सासनी परिसर में एसडीएम शिव प्रकाश यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जबकि संचालन तहसीलदार डॉली यादव ने किया।

शनिवार को लगाए गये समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बे से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र दर्जनभर शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें राजस्व, भूमि विवाद, रास्ते, कब्जे, पारिवारिक विवाद सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। संबधित अफसरान ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। अफसरान ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा फरियादियों को बार-बार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से दो शिकायतों का अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जिससे संबंधित फरियादियों को तत्काल राहत मिली। एसडीएम शिव प्रकाश यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष शिकायतों का भी निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान एसीएमओ डाक्टर एमआई आलम, राजस्व निरीक्षक प्रमोद अग्निहोत्री, लेखपाल सचिन पुंडीर, धर्मवीर सिंह,नगर पंचायत से रजनेश कुशवाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और उनके समाधान की मांग की।

हाथरस किला स्टेशन के सौंदर्यीकरण व नई रेल सेवाओं की मांग

मोर्निंग सिटी

हाथरस। पूर्व पालिकाध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने हाथरस किला रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण, रेल लाइनों के विस्तार और नई रेल सेवाओं के संचालन की मांग को लेकर उत्तर-मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक अतुल मिश्र को पत्र सौंपा। उन्होंने हाथरस की ऐतिहासिक व व्यापारिक महत्ता का उल्लेख करते हुए स्टेशन के आधुनिकीकरण को जनहित और व्यापार की दृष्टि से आवश्यक बताया ।पत्र में हाथरस किला से हाथरस जंक्शन, सासनी और न्यू सासनी तक रेल लाइनों के विस्तार, हाथरस किला-दिल्ली-श्रीनगर-जम्मू मेल तथा हाथरस किला-नई दिल्ली-रेवाड़ी-गूगामेड़ी पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की मांग की गई। इसके अलावा दिल्ली-बारामूला मार्ग पर पार्सल यान ट्रेन और राउंड ट्रिप आधार पर पार्सल लीज कोच सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव रखा। आशीष शर्मा ने एचएडी ट्रेन की वापसी में देरी से यात्रियों को होने वाली परेशानी का मुद्दा उठाते हुए इसे सुबह छह बजे चलाकर रात नौ बजे तक हाथरस वापस पहुंचाने तथा यात्रा अवधि कम करने की मांग भी की। उन्होंने उम्मीद जताई कि रेलवे प्रशासन इन प्रस्तावों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा।

पांच लाख रुपये का लालच देकर महिला से कुंडल ठगे, पुलिस जांच मे जुटी

मोर्निंग सिटी

हाथरस। सासनी के गांव बिलखौरा कलां से बाजार में सामान लेने आई एक महिला को दो अज्ञात ठगों ने पांच लाख रुपये का लालच देकर उसके कानों के कुंडल उतरवा लिए और नौ दो ग्यारह हो गए। पीड़िता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है,

जानकारी के अनुसार बिलखोरा कला निवासी 50 वर्षीय पुष्पा देवी शुक्रवार को बाजार जा रही थीं। वह ऑटो से रुदायन रोड पर उतरकर बाजार की ओर आ रही थीं। इसी दौरान दो अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे और बातचीत शुरू कर दी। बातचीत के दौरान ठगों ने महिला को कुछ रुपये दिखाए और पांच लाख रुपये होने का झांसा दते हुए अपनी बातों में उलझा लिया और महिला पूरी तहर विश्वास में लेकर चालच देते हुए ठगों ने महिला से उसके कानों में पहने कुंडल उतरवा लिए। ठगों ने महिला के हाथ में कुछ रुपये दिखाकर पांच लाख रुपये होने का झांसा दिया और पांच का सिक्का एक रूमाल में बांधकर उसे दे दिया। इसके बाद दोनों युवक महिला के कुंडल लेकर मौके से निकल गये। कुछ देर बाद महिला ने रूमाल खोलकर देखा तो उसमें पांच लाख रुपये के बजाय सिक्का और थोड़े पैसे थे। ठगी का एहसास होते ही महिला ने डायल 112 पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से घटना की जानकारी ली। तथा ठगों को काफी तलाश किया मगर कोई सफलता हाथ नहीं लगी। प्रभारी निरीक्षक विपिन चैधरी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच जारी है। पुलिस ठगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

फर्जी मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

चम्बल टाइम्स

एटा। थाना मारहरा पुलिस ने फर्जी मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय संचालित कर छात्र-छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाने और शैक्षणिक दस्तावेज उपलब्ध कराने के नाम पर कथित रूप से धनराशि वसूलने के मामले का पदार्फाश किया है। पुलिस ने प्रकरण में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लैपटॉप, फर्जी चेक, छात्र-छात्राओं के पहचान-पत्र, प्रवेश प्रपत्र, उपस्थिति पत्रक, फीस की रसीदें, परीक्षा पुस्तिकाएं, जाली प्रश्नपत्र, फर्जी मुहर, प्रचार सामग्री, लेटरपैड तथा फर्जी अंकतालिकाएं सहित बड़ी संख्या में अभिलेख बरामद किए गए हैं ।पुलिस के अनुसार, 16 सितंबर 2026 को थाना मारहरा पर पीआरवी के माध्यम से रामसेवक ने सूचना दी कि उसके भाई सतेन्द्र कुमार पुत्र दर्शनपाल सिंह निवासी ग्राम महमूदपुर नगरिया को बीएस कॉलेज एवं विश्वविद्यालय से तीन व्यक्ति एर्टिगा कार से अपहरण कर ले गए हैं और दो लाख रुपये की फिरौती मांग रहे हैं। मामले में सतेन्द्र कुमार की पत्नी द्वारा थाना मारहरा में प्रार्थना-पत्र दिया गया। इसके आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 167/2026, धारा 333/140(1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जि. के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर संकल्पदीप कुशवाह के नेतृत्व में थाना मारहरा पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस के अनुसार, अपहरण और फिरौती की सूचना झूठी एवं भ्रामक पाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि सतेन्द्र कुमार द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में फर्जी प्रवेश के नाम पर छात्र-छात्राओं से धनराशि प्राप्त किए जाने की बात सामने आई ।पुलिस के अनुसार, वर्ष 2022 से सतेन्द्र कुमार द्वारा ह्यबीएस मेडिकल कॉलेज एंड यूनिवर्सिटीह्न के नाम से कथित रूप से फर्जी शैक्षणिक व्यवस्था संचालित की जा रही थी। इसके माध्यम से डी.फ़ार्मा, बी.फ़ार्मा, बीएससी नर्सिंग, डीएमएलटी, बीएमएलटी, बीएएमएस, जीएनएम तथा एएनएम आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाने और शैक्षणिक दस्तावेज उपलब्ध कराने के नाम पर छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से धनराशि लिए जाने की बात विवेचना में सामने आई है ।थाना मारहरा पुलिस की विवेचना के दौरान बरामद दस्तावेजों तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं बैंक संबंधी साक्ष्यों के परीक्षण में कथित फर्जी शैक्षणिक व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण अभिलेख सामने आए। पुलिस ने बताया कि बरामद सामग्री में छात्रों की सेमेस्टरवार फर्जी अंकतालिकाएं, नामांकन संख्या, अनुक्रमांक, उपस्थिति अभिलेख, प्रवेश प्रपत्र, पहचान-पत्र, विभिन्न पाठ्यक्रमों की फाइलें, कॉलेज की मुहर तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री शामिल है ।पुलिस के अनुसार, छात्रों एवं उनके अभिभावकों से शिक्षा, प्रवेश, परीक्षा तथा शैक्षणिक दस्तावेज उपलब्ध कराने के नाम पर धनराशि प्राप्त की जाती थी। जांच के दौरान मामला केवल फीस वसूली तक सीमित नहीं मिला, बल्कि छात्रों के शैक्षणिक अभिलेखों को भी कथित रूप से तैयार किए जाने के साक्ष्य मिले हैं। प्रकरण में थाना मारहरा पर मुकदमा अपराध संख्या 168/2026, धारा 318(2), 338, 336(3), 340(2) एवं 111 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर हीरापुर में स्वास्थ्य शिविर, ग्रामीणों को बांटी गई मुफ्त दवाइयां

मोर्निंग सिटी

हाथरस। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की थीम स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद के तहत सासनी क्षेत्र की ग्राम पंचायत हीरापुर में अलीगढ़ मंडल जिला हाथरस के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में तथा शिविर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कौमरी और राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय टिकारी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शनिवार को लगाए गये शिविर के दौरान चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को आयुष विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं और आयुष चिकित्सा पद्धतियों की बारीकियों से अवगत कराया। चिकित्सकों ने बताया कि किस तरह दैनिक जीवन में सुधरती जीवनशैली, सही दिनचर्या, ॠतुचर्या और उचित आहार-विहार के माध्यम से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय निवासियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों द्वारा परामर्श देने के साथ ही मरीजों को आवश्यकतानुसार आयुर्वेदिक औषधियों का मुफ्त वितरण भी किया गया। मौजूद चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जिले भर में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को अपनी प्राचीन आयुष पद्धतियों से जोड़ना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक कर रोगों की रोकथाम करना है।

नगला जहरू में गूंजा कबड्डी का रोमांच, रुदायन की टीम ने जीता खिताब

मोर्निंग सिटी

हाथरस। क्षेत्र के गांव नगला जहरू में राहुल प्रकाश और किसान नेता भोला सूर्यवंशी के नेतृत्व में तीन दिवसीय डे-नाइट विशाल कबड्डी टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से आई 40 से अधिक टीमों ने हिस्सा लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। देर रात तक चले मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण मौजूद रहे। टूनार्मेंट के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। एक-दूसरे को कड़ी चुनौती देते हुए टीमों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया। प्रतियोगिता का अंतिम एवं फाइनल मुकाबला बॉबी क्लब रुदायन और बॉबी क्लब नगला लोका के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबला काफी रोमांचक रहा। अंत में बॉबी क्लब रुदायन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

वहीं बॉबी क्लब नगला लोका की टीम दूसरे स्थान पर रही। तृतीय स्थान पर खली चैधरी अजरोही की टीम ने कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे वीरेंद्र सिंह जाटव, शेरू पाठक, पत्रकार राहुल प्रकाश, किसान नेता भोला सूर्यवंशी और पुरुषोत्तम बाबू ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए और उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ उनकी प्रतिभा को सामने लाने का बेहतर माध्यम है। इस दौरान आयोजक टीम के सभी सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

मिशन शक्ति के तहत काउंसलिंग, दहेज उत्पीड़न की शिकायत पर पति-पत्नी में बनी सहमति

मोर्निंग सिटी

हाथरस। महिला थाना हाथरस में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा की शिकायत पर काउंसलिंग कराकर पति-पत्नी के बीच सहमति बनाई गई। आगरा के नुनिहाई निवासी चंचल कुशवाहा ने 2 सितंबर 2026 को अपने पति अमन कुशवाह निवासी गिजरौली, हाथरस और अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ शिकायत दी थी। आरोप था कि दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया जाता है ।महिला थाना प्रभारी रितू तौमर ने दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत की। इस दौरान ससुरालीजनों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न करने का आश्वासन दिया और आवेदिका से माफी मांगते हुए उसे साथ ले जाने की बात कही। वहीं, चंचल ने भी पति के साथ ससुराल जाने की इच्छा जताई। महिला थाना प्रभारी रितू तौमर के अनुसार, आवेदिका ने अब महिला थाना से किसी कार्रवाई की अपेक्षा नहीं की है।

अवैध तमंचा और कारतूस के साथ 19 वर्षीय युवक गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर 2026 को थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने शांति नगर सर्विस रोड के पास चेकिंग के दौरान मुकेश कुमार (19) पुत्र मुन्नालाल निवासी ओमनगर, नलकूप कॉलोनी, आसफाबाद, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना रसूलपुर में मु0अ0सं0 480/26, धारा 9/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी एक मुकदमा दर्ज है। इसमें थाना रामगढ़ में मु0अ0सं0 543/26, धारा 305/317(2)/331(3) बीएनएस शामिल है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल 1070 सौरभ कुमार और कांस्टेबल 619 मोहित कुमार शामिल रहे।

48 घंटे में अपहृता सकुशल बरामद, पानीपत से पुलिस ने किया बरामद

मोर्निंग सिटी

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृता को 48 घंटे के भीतर हरियाणा के पानीपत से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से मामले में परिजनों को राहत मिली।पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अपहृता की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर लगातार प्रयास किए जा रहे थे। थाना दक्षिण पुलिस टीम ने 18 सितंबर 2026 को मुकदमा संख्या 972/2026 से संबंधित अपहृता को गैर-राज्य हरियाणा के पानीपत से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने उसकी तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश एवं अन्य प्रयास करते हुए 48 घंटे के अंदर बरामदगी की।बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थाना दक्षिण प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्रपाल सिंह, उपनिरीक्षक सोनू भाटी, कांस्टेबल मोहित शुक्ला एवं महिला आरक्षी मोनिका शामिल रहीं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

मोर्निंग सिटी

फिरोजाबाद। शनिवार को तहसील सिरसागंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम और एसएसपी ने फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए अधिकारियों को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण और आवश्यक जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और अनावश्यक विलंब नहीं करने को कहा। पुलिस से संबंधित शिकायतों पर एसएसपी ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और समस्या के समाधान तक प्रभावी मॉनिटरिंग करने को कहा। इस दौरान तहसील एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

ताजमहल पर जापानी पर्यटकों का पुलिस ने किया गर्मजोशी से स्वागत, हाथ जोड़कर बोले शुक्रिया

मोर्निंग सिटी

आगरा। मोहब्बत की निशानी ताजमहल देखने जापान से पहुंचे पर्यटकों का आगरा पुलिस ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। ऑपरेशन टूरिस्ट डिलाइट के तहत थाना ताज सुरक्षा पुलिस के त्वरित प्रतिक्रिया दल ने विदेशी पर्यटकों से मित्रवत संवाद कर उनका हाल जाना और ताजमहल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। पुलिस के आत्मीय व्यवहार से पर्यटक भी अभिभूत नजर आए। ताजमहल परिसर में पुलिस टीम ने पर्यटकों को सुरक्षित और सुखद वातावरण उपलब्ध कराने के साथ जरूरी सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। बातचीत के दौरान पुलिसकर्मियों ने पर्यटकों से सहज तरीके से संवाद किया। पुलिस की मेहमाननवाजी और सहयोगात्मक रवैये से प्रभावित जापानी पर्यटकों ने हाथ जोड़कर पुलिस टीम का आभार जताया। पुलिस की इस पहल ने ताजमहल की खूबसूरती के साथ आगरा की मेहमाननवाजी की तस्वीर भी पेश की। विदेशी पर्यटकों के प्रति मित्रवत व्यवहार और सहायता का उद्देश्य उनके आगरा प्रवास को सुरक्षित और यादगार बनाना रहा। पर्यटकों के स्वागत और संवाद में उपनिरीक्षक पंकज सिंह पटेल, आरक्षी आशु और महिला आरक्षी सुलेखा शामिल रहे। थाना ताज सुरक्षा पुलिस की टीम ने ऑपरेशन टूरिस्ट डिलाइट के तहत पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधा और बेहतर अनुभव को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। ताजमहल की खूबसूरती के बीच पुलिस की आत्मीय मेहमाननवाजी ने जापानी पर्यटकों का दिल जीत लिया।

पानी की मांग को लेकर मेट्रो पुल पर चढ़ा युवक, आत्महत्या की धमकी

मोर्निंग सिटी



आगरा। धाकरान चौराहे पर पानी की समस्या से परेशान एक युवक शुक्रवार को मेट्रो पुल पर चढ़ गया और आत्महत्या की धमकी देने लगा। युवक की पहचान पवन धाकड़ के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी युवक को समझाने में जुट गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में पिछले 10 साल से पानी की समस्या बनी हुई है। मेट्रो निर्माण कार्य के चलते पाइपलाइन करीब एक माह से बंद है, जिससे हजारों लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर महिलाएं और पुरुष एमजी रोड पर जुट गए। प्रदर्शन के कारण सड़क पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया। वहीं, मेट्रो पुल पर चढ़े युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीम प्रयासरत रही। मामला थाना नाई की मंडी क्षेत्र के धाकरान चौराहे का है।

जसराना क्षेत्र में आबकारी विभाग ने फुटकर देशी व कंपोजिट मदिरा दुकानों का किया निरीक्षण

मोर्निंग सिटी

फिरोजाबाद। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी फिरोजाबाद के आदेश के अनुपालन में तथा उप आबकारी आयुक्त आगरा प्रभार एवं जिला आबकारी अधिकारी फिरोजाबाद के कुशल निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों के निरीक्षण एवं व्यवस्थाओं की निगरानी का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 जसराना, फिरोजाबाद ने अपने स्टाफ के साथ क्षेत्र अंतर्गत संचालित फुटकर देशी मदिरा एवं कंपोजिट दुकानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने दुकानों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संचालकों को शासन एवं विभागीय नियमों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने विशेष रूप से दुकान एवं कैंटीन परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जोर दिया। साथ ही दुकानों के बाहर किसी भी व्यक्ति को मदिरा का सेवन न करने देने के निर्देश दिए गए।

आबकारी निरीक्षक ने दुकान संचालकों को निर्देशित किया कि ग्राहकों की मांग के अनुरूप विभिन्न ब्रांडों की उपलब्धता बनाए रखी जाए, ताकि निर्धारित नियमों के अनुसार बिक्री व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके। इसके साथ ही दुकानों पर पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया।

निरीक्षण के दौरान दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था को भी देखा गया। संचालकों को निर्देश दिए गए कि सीसीटीवी कैमरे निरंतर संचालित स्थिति में रहें, जिससे दुकान की गतिविधियों की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। आबकारी विभाग ने बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पीओएस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बिक्री किए जाने के निर्देश भी दिए।अधिकारियों ने दुकान संचालकों को अपने सभी आवश्यक अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा विभागीय रिकॉर्ड को नियमानुसार व्यवस्थित रखने के लिए कहा।

इसके अलावा ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दुकानों पर ऑनलाइन पेमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।आबकारी विभाग की टीम ने स्पष्ट किया कि मदिरा की बिक्री केवल निर्धारित मूल्य पर ही की जाए। निर्धारित मूल्य से अधिक पर मदिरा की बिक्री किए जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संचालकों को विभागीय दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचने की हिदायत दी।

अवैध तमंचा और कारतूस के साथ 19 वर्षीय युवक गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर 2026 को थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने शांति नगर सर्विस रोड के पास चेकिंग के दौरान मुकेश कुमार (19) पुत्र मुन्नालाल निवासी ओमनगर, नलकूप कॉलोनी, आसफाबाद, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना रसूलपुर में मु0अ0सं0 480/26, धारा 9/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी एक मुकदमा दर्ज है। इसमें थाना रामगढ़ में मु0अ0सं0 543/26, धारा 305/317(2)/331(3) बीएनएस शामिल है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल 1070 सौरभ कुमार और कांस्टेबल 619 मोहित कुमार शामिल रहे।

आगरा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

मोर्निंग सिटी

आगरा.18.09.2026/प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित ह्यसेवा संकल्प अभियानह्व के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस क्रम में प्राथमिक विद्यालय सिकंदरा, श्यामा देवी इंटर कॉलेज, प्रा.वि. न्यू आगरा, कंपोजिट स्कूल सुभाष पार्क, कंपोजिट स्कूल डायट परिसर, प्राथमिक विद्यालय छीपी टोला, कंपोजिट स्कूल बसई कला सहित विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता, जल संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी एवं विकसित भारत जैसे विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक चित्रों का सृजन किया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने विचारों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

ह्यसेवा संकल्प अभियानह्व के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में रचनात्मक सोच, सामाजिक सरोकार, पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं सकारात्मक नागरिक भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक एवं राष्ट्रीय विषयों के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह आयोजन विकसित भारत @2047 के संकल्प के साथ जनसहभागिता और सेवा भावना को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरक पहल रहा।

छिनैती की छह वारदातों का खुलासा करने वाली पुलिस टीम सम्मानित, सुनीत शर्मा समेत 10 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र

मोर्निंग सिटी

आगरा। थाना फतेहाबाद क्षेत्र में छिनैती की छह घटनाओं का छह सितंबर 2026 को सफल अनावरण कर पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 18 हजार रुपये नकद, पीली व सफेद धातु के आभूषण, अवैध तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस तथा वारदात में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई थी। इस कार्रवाई में थाना फतेहाबाद पुलिस के साथ थाना डौकी, एसओजी और सर्विलांस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन अभिषेक अग्रवाल ने टीम के पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी कर्तव्यनिष्ठा, तत्परता और टीम भावना के साथ अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मान पाने वालों में प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार, थाना अध्यक्ष डौकी सुनीत शर्मा, सर्विलांस प्रभारी सचिन कुमार, मु.आ. ऋषि, मु.आ. महेन्द्र सिंह, मु.आ. संदीप कुमार, आ. पंकज, आ. शुभम, मु.आ. विनय कुमार और आ. मोहित कुमार शामिल रहे।

कमिश्नरेट आगरा पुलिस की ओर से अपराध और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रखने की बात कही गई है।

सिरसागंज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस, डीएम-एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

मोर्निंग सिटी

फिरोजाबाद। शनिवार को तहसील सिरसागंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी फिरोजाबाद और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों से डीएम और एसएसपी ने सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली। प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण और आवश्यक जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।अधिकारियों को स्पष्ट किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी न हो। प्रत्येक प्रकरण में कार्रवाई की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए शिकायतकर्ता की समस्या के समाधान तक प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों पर एसएसपी आदित्य लांग्हे ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की नियमित निगरानी के भी निर्देश दिए।इस दौरान तहसील स्तरीय अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तीसरे दिन चित्रकारी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

मोर्निंग सिटी

फिरोजाबाद। सेवा संकल्प अभियान के तीसरे दिन महावीर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में कक्षा 6 से 12 तक के करीब 200 छात्र-छात्राओं ने चित्रकारी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय विषयों पर आधारित आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में पहुंचे जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। अधिकारियों ने बच्चों की रचनात्मक सोच और कल्पनाशीलता की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विषयों के प्रति उनकी संवेदनशीलता बढ़ाने में सहायक होती हैं। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडे भी मौजूद रहीं।

लपकों पर लगातार पुलिस की कार्रवाई, फिर भी नहीं लग रहा अंकुश; पर्यटकों को घेरने वाले पांच गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी

आगरा। ताजमहल के आसपास पर्यटकों को घेरकर परेशान करने वाले लपकों पर पर्यटन पुलिस ने फिर कार्रवाई की है। शनिवार को चेकिंग के दौरान पुलिस ने पांच लपकों को गिरफ्तार किया। आरोपित पर्यटकों को ताजमहल घुमाने, होटल बुक कराने और गाइड उपलब्ध कराने के नाम पर उन्हें परेशान कर रहे थे। पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त नगर के निर्देश पर पर्यटन स्थलों के आसपास लपकों, हॉकरों और अवैध गाइडों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद ताजमहल के आसपास पर्यटकों को घेरने की शिकायतें सामने आ रही हैं। 19 सितंबर को पर्यटन पुलिस की टीम ताजमहल के आसपास गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पर्यटकों को घेरकर उन्हें विभिन्न सेवाएं दिलाने के नाम पर परेशान करने वाले लपकों की सूचना मिली। सहायक पुलिस आयुक्त ताज सुरक्षा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पर्यटन अभिषेक गुप्ता ने टीम के साथ कार्रवाई कर पांच आरोपितों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों में दिनेश बघेल, उवैस हुसैन, अजीम, अनुज पाल और पृथ्वीराज शामिल हैं।

मिशन शक्ति अभियान में 40 शोहदों पर कार्रवाई, महिलाओं को किया जागरूक

मोर्निंग सिटी

फिरोजाबाद। मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत फिरोजाबाद पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जनपदभर में जागरूकता अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में मिशन शक्ति टीमों और एंटी रोमियो टीमों ने स्कूल-कॉलेज, बाजार, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग एवं निगरानी की।अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को 1090 महिला हेल्पलाइन, 181, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने पंपलेट वितरित कर उन्हें अपने अधिकारों और उपलब्ध सुरक्षा सेवाओं के प्रति जागरूक किया।

पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान कुल 40 शोहदों को चिह्नित कर कार्रवाई की गई। इनमें अधिकांश को चेतावनी देकर भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति न करने की हिदायत दी गई, जबकि कुछ के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई।थानावार कार्रवाई में अरांव में 2, उत्तर में 4, एका में 1, खैरगढ़ में 9, दक्षिण में 2, नगला खंगर में 1, नगला सिंघी में 1, नसीरपुर में 1, नारखी में 2, पचोखरा में 1, फरिहा में 1, मक्खनपुर में 3, रजावली में 2, रसूलपुर में 2, शिकोहाबाद में 4 तथा सिरसागंज में 4 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

नसीरपुर, रजावली और शिकोहाबाद में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170, 126 व 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। वहीं अन्य स्थानों पर चेतावनी देकर छोड़ते हुए ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई।महिला पुलिसकर्मियों द्वारा सादा वस्त्रों में प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर भी निगरानी की जा रही है। इसका उद्देश्य छेड़छाड़ और महिलाओं के प्रति होने वाली अन्य आपत्तिजनक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।इसके साथ ही थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों ने गांवों, स्कूलों और कॉलेजों में चौपाल लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुनीं। मिशन शक्ति टीमों की काउंसिलिंग के माध्यम से 5 परिवारों में समझौता भी कराया गया।फिरोजाबाद पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि उत्पीड़न, छेड़छाड़ अथवा साइबर अपराध की स्थिति में वे तत्काल पुलिस की सहायता ले सकती हैं। पुलिस ने कहा कि शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील सिकन्दरा की गौशालाओं का हुआ निरीक्षण

मोर्निंग सिटी

सिकंदरा (कानपुर देहात) शनिवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह के निदेशों के क्रम में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा तहसील सिकन्दरा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित विभिन्न गौ आश्रय स्थलों/गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य गौवंशों के संरक्षण, संवर्धन एवं उनके लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना तथा व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों की वास्तविक संख्या का सत्यापन किया गया तथा प्रत्येक गौवंश की ईयर टैगिंग की स्थिति का परीक्षण किया गया। साथ ही गौवंशों के लिए उपलब्ध चूनी-चोकर,भूसा एवं अन्य पशु आहार की पर्याप्तता का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने गौशालाओं में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, टीनशेड एवं अन्य आश्रय व्यवस्थाओं की स्थिति का भी जायजा लिया, ताकि मौसम के प्रभाव से गौवंशों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

अधिकारियों द्वारा गौवंशों के स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सकीय सुविधाओं, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण टीम ने गौ आश्रय स्थलों पर साफ-सफाई, जल निकासी, हरे चारे की व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी परीक्षण किया।

निरीक्षण के उपरांत संबंधित अधिकारियों द्वारा अपनी विस्तृत निरीक्षण टिप्पणियां एवं आख्या प्रेषित की जाएगी। प्राप्त निरीक्षण आख्या के आधार पर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी श्री कपिल सिंह ने निर्देश दिए हैं कि गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे गौवंशों के संरक्षण एवं संवर्धन की व्यवस्था प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पूर्व फौजी समेत ग्रामीणों नें कुल देवी मंदिर कब्जा मुक्ति का पत्र दिया

मोर्निंग सिटी

सिकंदरा (कानपुर देहात) जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय द्वारा तहसील सिकंदरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपनी शिकायत लेकर आये फरियादियों/पीड़ितों की समस्याओं को सुना गया। जिसमें मुख्य रूप से तहसील सिकंदरा क्षेत्र के वैना गाँव का मामला चर्चा में रहा ' जहाँ के पूर्व फौजी उदयराज सिंह व ग्रामीणों सतेंद्र सिंह,रामजीत सिंह के अलावा अन्य लोगों नें जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि

ग्राम समाज की भूमि व सार्वजनिक बड़ी माता ग्राम कुल देवी का मंदिर जो कि गाँव के पूर्व दिशा में बने कुआँ के पास स्थित है ' मंदिर के आसपास सफाई होना धार्मिक भावनाओं के कारण जरूरी है तथा जर्जर अवस्था में कुल देवी मंदिर का जीर्णोद्धार भी होना है ' उन्होंने बताया कि मंदिर के पास नाला है जो काफी समय से चोक है नाले की सफाई उक्त दबँग दोनों भाई नहीं होने दे रहे है ' जिसकी शिकायत पहले भी प्रधान,बीडीओ,सचिव,एसडीएम, डीएम,सीडीओ से लेकर मुख्य मंत्री जन सुनवाई में कई बार जा चुके है ' परन्तु न्याय नहीं मिला ' मंदिर में पूजा पाठ दशकों से की जा रही है ' आरोप लगाते हुए बताया कि जो भी ग्रामीण इनके खिलाफ शिकायती पत्र देता है तो उनको झूठे मुकदमों में फसाने व जान से मारने की धमकी देते है जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है '

मामले में ग्रामीणों नें ग्राम समाज की भूमि,कुल देवी मंदिर तथा कुआँ को कब्जा मुक्त कराये जाने की मांग की '

जिलाधिकारी नें पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच कर दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की बात कहीं ' जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकताओं की समस्याओं का शत-प्रतिशत निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर कार्यवाही करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। साथ ही,भूमि से संबंधित सभी प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एक साथ समन्वित कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए, ताकि फरियादियों को विभिन्न विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित,पारदर्शी एवं न्यायपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में उपस्थित रहकर समस्याओं को सुना गया।

पुलिस नें अवैध शस्त्र-कारतूस के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया

मोर्निंग सिटी

मूसानगर (कानपुर देहात) जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण एवं घटनाओं की रोकथाम तथा खुलासे हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, दिनांक 18 सितंबर को थाना मूसानगर पुलिस बल द्वारा चपरघटा पुल बैरियर के पास संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मुगल रोड़ से ग्राम हलिया की ओर जाने वाले रास्ते पर मोड़ के पास से एक व्यक्ति को पुलिस हिरासत में लिया गया । पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम मो0 अकमल पुत्र मो0 आरिफ निवासी वार्ड न0 15 फत्तेपुर कस्बा व थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात बताया व जामा तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना मूसानगर पर मु0अ0सं0 105/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम मो0 अकमल उपरोक्त पंजीकृत किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है '

गजनेर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 फर्जी बी0एस0ए अधिकारी को किया गया गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी

गजनेर (कानपुर देहात) अपराध नियंत्रण एवं घटनाओं की रोकथाम तथा अभियोगों के सफल अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गजनेर पर दिनांक 16 सितंबर को वादिनी श्यामा सिंह प्रधानाध्यापिका आर0पी0एस0 मॉडर्न स्कूल नबीपुर कानपुर देहात द्वारा लिखित तहरीर अभियुक्त शोभित द्विवेदी पुत्र सुनील कुमार निवासी ग्राम बीबीना थाना कदौरा जनपद जालौन द्वारा खुद को बी0एस0ए0 अधिकारी बताकर ? 25500/- चोरी करने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना गजनेर पर मु0अ0स0 232/2026 ध ा ा र ा 318(4)/204/351(3)/305 अ बीएनएस बनाम शोभित द्विवेदी उपरोक्त पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना गजनेर पुलिस द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए दिनांक 17सितंबर को अभियुक्त शोभित द्विवेदी उपरोक्त को मुखबिर खास की सूचना पर आर0पी0ए0एस मोर्डन पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 2500/- रुपए नगद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुए । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोतरी की गई है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त शोभित उपरोक्त को नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

पूछताछ में अभियुक्त शोभित ने बताया कि वह बीबीना थाना कदौरा जनपद जालौन का रहने वाला हूँ व मेरी ससुराल थाना क्षेत्र गजनेर में आया था। दिनांक 14/09/2026 को समय 10.30 अट बजे मैं मोटर साइकिल ळश्र फ्ढटक्ठ न0 वढ77अश्3879 से आर0पी0एस मॉर्डन पब्लिक स्कूल में फर्जी बी0एस0ए0 बनकर गया था। वहाँ पर जाकर मैंने खुद को बी0एस0ए0 अधिकारी बताकर प्रधानाध्यापक से स्कूल की मान्यता से सम्बन्धित प्रपत्र माँगे और कहा कि मैं बेसिक शिक्षा परिषद, लखनऊ से स्कूल चैक करने आया हूँ। प्रधानाध्यापिका ने मुझे स्कूल की आफिस में अपनी कुर्सी-मेज पर बैठाया। प्रधानाध्यापिका मुझसे बात करते हुए फोन पर भी किसी से बात कर रही थीं तो मैं घबरा गया और जान से मारने की धमकी देते हुए मेज की रैक में रखे हुए ? 25500/- रुपये निकाल कर मोटर साइकिल से चला गया। मेरे द्वारा चुराये गये रुपयों में से मैने ? 23000/- रुपये खर्च कर लिये, व जो ? 2500/- मुझसे बरामद हुए हैं वो उन्ही चुराए रुपयों में से बचे रुपये हैं। 17 सितंबर को उसने अखबारों में स्वयं के छपे फोटो देखे तो मामला रफा-दफा करने के लिए अपने साथियों के साथ आर0पी0ए0एस मोर्डन पब्लिक स्कूल में प्रधानाध्यापिका के पास जाने के लिए इन्तजार कर रहा था कि आपने मुझे पकड़ लिया। थाना प्रभारी सनत कुमार नें बताया कि फर्जी बीएसए को जेल भेज दिया गया है ' इस मामले से सम्बंधित अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है '

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया

मोर्निंग सिटी

पुखरायां (कानपुर देहात) पुखरायां स्थित मां पीताम्बरा हॉस्पिटल अहरौली शेख में समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल कादरी का उनके शुभचिंतको नें जोरदार स्वागत किया ' इस अवसर पर अतिथि के रूप मे पहुंचे मोहम्मद इकबाल कादरी नें क्षेत्र में समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के संकल्प के साथ संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जे.के. वारसी,रईस कुरैशी,तौफीक मिस्त्री,अंकित कुमार,मोहित कुमार,सुमित सिंह,सलील,पंकज सहित कई कार्यकर्ता के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ.सीता यादव ने सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया

राजपुर साइबर हेल्प डेस्क द्वारा कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाते में धनराशि 41,656 वापस करायी गयी

मोर्निंग सिटी



राजपुर (कानपुर देहात) अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता सुधीर कुमार पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह निवासी कस्बा रूरा थाना रूरा,जनपद कानपुर देहात हाल पता थाना राजपुर,कानपुर देहात के साथ दिनांक 16.08.2026 को साइबर ठग द्वारा फर्जी लिंक के माध्यम से शिकायतकर्ता को इंश्योरेंस पॉलिसी भरने का झांसा देकर ? 1,00,000/- की साइबर ठगी की गयी। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा दिनांक 16.08.2026 को साइबर हेल्प डेस्क राजपुर जनपद कानपुर देहात पर गयी थी। जिस पर थाना राजपुर पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए ? 94,990.24/- होल्ड कराये गये कुल धनराशि में से शिकायतकर्ता के खाते में ? 41,656/- वापस कराये गये । शेष धनराशि की वापसी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना राजपुर प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह के अलावा पुलिस टीम का धन्यवाद दिया।

वहीं थाना प्रभारी नें बताया कि

1. मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in
2. आनलाइन फ्रॉड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करायें।

पुलिस द्वारा बाजारों/ सार्वजनिक स्थानों पर महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और कानूनी अधिकारों हेतु चलाया गया जागरूकता अभियान

मोर्निंग सिटी

राजपुर (कानपुर देहात) मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में जनपदीय थाना पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूक किया गया। इस अभियान के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों तथा अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 181-महिला हेल्पलाइन,1090 - महिला शक्ति लाइन,1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन,112 - इमरजेंसी हेल्पलाइन,1076 - पुलिस कंट्रोल रूम आदि की जानकारी दी गयी । इसके अतिरिक्त, वढउडढ ऐप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का त्वरित लाभ उठाने तथा सोशल मीडिया पर व्याप्त साइबर अपराधों (फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल/खातों से संबंधित धोखाधड़ी आदि) से बचाव के व्यावहारिक जानकारी दी गयी । महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार ढडउरड एक्ट (बाल यौन शोषण से संरक्षण), दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, साइबर अपराधों से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की जानकारी प्रदान की गयी ।

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने की दिशा में यह अभियान निरंतर संचालित है। इसका मूल उद्देश्य समाज में महिलाओं को सशक्त एवं सुरक्षित महसूस कराना तथा अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूत करना है। कानपुर देहात पुलिस सभी महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तुरंत निकटतम पुलिस थाने या उपरोक्त हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। हम सब मिलकर एक सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सशक्त समाज का निर्माण करें ।

बंजारा हुंकार महारैली मे पहुंचे कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत हुआ

मोर्निंग सिटी

सिकंदरा (कानपुर देहात) नगर पंचायत सिकंदरा नुमाइश मैदान में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा बंजारा हुंकार महारैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जहूराबाद(गाजीपुर) के विधायक व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ नें भारी भरकम फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया ' मुख्य अतिथि के जन्मदिवस के मौके पर मंच पर ही केक काटकर शुभकामनायें दी गयी ' कार्यक्रम में बंजारा समाज के सैकड़ों लोगों नें अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ' जिसमें अधिकतर महिलाओं नें हिस्सा लिया ' सरकारी आवास व शौचालय पाने के लिए हजारों महिलाओं नें मंच पर आधार कार्ड,फोटो समेत फार्म जमा किये ' जिसके संबंध में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश राजभर के मुताबिक विधानसभा सिकंदरा के पाँच बंजारा बाहुल्य गावों को चयनित किया जाएगा '

जिन पात्र लोगों को आज तक आवास,शौचालय नहीं मिले है उन सभी लोगों को जल्द योजनाओं का लाभ दिया जाएगा ' वहीं दूसरी ओर मंच को साझा करते हुए ग्राम पंचायत महमूदपुर साखिन के पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बच्चू सिंह नायक नें आरोप लगाते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरा में खासकर उनके समाज के लोगों के प्रति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रखा जा रहा है ' छोटी से छोटी बीमारियों को ठीक कराने पर उनके समाज के लोगों को मजबूरी के चलते प्राइवेट अस्पतालो का सहारा लेना पड़ता है ' जबकि बनजारा समाज की आर्थिक स्थति से भी कमजोर है ' कैबिनेट मंत्री को इस बाबत उन्होंने लिखित रूप में एक शिकायती पत्र भी दिया ' जिससे उनकी तमाम समस्याओ का समाधान हो सके

सड़क किनारे झाड़ियों के बीच पड़ी मिली अज्ञात नवजात दुधमुंही बच्ची

मोर्निंग सिटी

गजनेर (कानपुर देहात) जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया कि शुक्रवार को थाना गजनेर के माध्यम से चाइल्ड हेल्पलाइन कानपुर देहात को अज्ञात नवजात दुध मुही बालिका की सूचना प्राप्त हुई। जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में प्राप्त सूचना के आधार पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम सूचना स्थल पर पहुंची। थानाध्यक्ष गजनेर द्वारा बताया गया कि शुक्रवार को लगभग अपराह्न 03 बजे ग्रामीण महिला को बकरी चराने के दौरान जमरेही से नहोली मार्ग पर मंगटा गांव के निकट खेतों के पास झाड़ियों से नवजात बच्ची के रोने की आवाज सुनकर मौके पर पहुँची। वहाँ एक नवजात बच्ची को बिना कपड़ों के पड़ा हुआ देखा। बच्ची की स्थिति को देखते हुए उसने तत्काल पुलिस की आपातकालीन सेवा 112 पर सूचना दी। चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा थाना गजनेर से बच्ची को अपनी सुपुर्दगी में लिया गया है। रिचा तिवारी परियोजना समन्यक चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बताया गया कि बच्ची को प्राथमिक उपचार हेतु सी0एच0सी0 गजनेर में दिखाया गया तथा न्यायपीठ बाल कल्याण समिति कानपुर देहात को बच्ची की सूचना देते हुये उनके आदेशानुसार उचित उपचार हेतु जिला अस्पताल के एस0एन0सी0यू0 वार्ड में भर्ती कराया गया हैं। बच्ची के परिजनों की तलाश की जा रही है। जिस किसी को बच्ची के माता-पिता/रिश्तेदार आदि के सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त हो तो बाल कल्याण समिति कानपुर देहात,जिला प्रोबेशन कार्यालय अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री न0-1098 पर सम्पर्क कर जानकारी दे सकते हैं।

अरविंद पाल बने कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष,लोगों नें दी शुभकामनायें

मोर्निंग सिटी

सिकंदरा(कानपुर देहात)उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निशक्तजन प्रकोष्ठ द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मोहम्मद नगर,नगर पंचायत सिकंदरा निवासी अरविंद पाल को कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ जनपद कानपुर देहात का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी निशक्तजन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा जारी मनोनयन पत्र में अरविंद पाल को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। अरविंद पाल के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके सामाजिक सक्रियता एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए महत्वपूर्ण है। कार्यकताओं को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में जनपद कानपुर देहात में दिव्यांगजनों की समस्याओं, अधिकारों एवं सम्मान से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठाया जाएगा।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि उन्हें पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि जनपद के दिव्यांगजनों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं उनके अधिकारों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। संगठन के माध्यम से दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा उनके हित में आवश्यक संघर्ष एवं जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

कांग्रेस नेतृत्व ने भी उम्मीद जताई है कि श्री अरविंद कुमार संगठन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं नियमों का पालन करते हुए कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ को बूथ एवं ब्लॉक स्तर तक मजबूत करने तथा अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे। अरविंद कुमार के मनोनयन पर क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यकताओं ने कहा कि यह नियुक्ति निश्चित रूप से जनपद में दिव्यांगजनों की आवाज को एक मजबूत मंच प्रदान करेगी।

प्रियदर्शन की फिल्म में वन्य संरक्षक जिम से प्रेरित किरदार करेंगे अक्षय



अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन एक बार फिर साथ आ रहे हैं। दोनों की साथ में यह 9वीं फिल्म 1960 के दशक के भारत की पृष्ठभूमि पर बनी लाइट-हार्टेड कॉमिक थ्रिलर होगी। फिल्म में अक्षय का किरदार प्रसिद्ध शिकारी और वन्यजीव संरक्षक जिम कॉर्बेट से प्रेरित होगा। वह एक ट्रैकर और शिकारी की भूमिका में दिखेंगे, जो गांव को आदमखोर बाघों और तेंदुओं से बचाने के लिए हथियार उठाता है। बाद में जंगलों की कटाई और शिकारियों की क्रूरता देखकर उसका नजरिया बदलता है और वह जानवरों व प्रकृति का संरक्षक बन जाता है।

रियल लोकेशन पर होगी शूटिंग

अक्षय स्टारर इस फिल्म की सबसे खास बात इसकी शूटिंग का तरीका होगा। प्रियदर्शन ने इस प्रोजेक्ट में भारी एआई या आर्टिफिशियल ग्रीन स्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया है। राजस्थान और गुजरात के घने जंगलों में स्टार्ट-टू-फिनिश शेड्यूल में इसकी शूटिंग की जाएगी। दर्शकों को स्क्रीन पर असली लोकेशन और जंगल का अनुभव मिलेगा। बता दें कि हालिया डार्क थ्रिलर 'हैवान' के बाद यह जोड़ी एक बार फिर रोमांच और कॉमेडी का नया कॉम्बिनेशन लाएगी।

अगले साल से शुरू होगी शूटिंग, कास्टिंग जारी है

अक्षय की इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन अक्टूबर में लोकेशन तलाशने के काम के साथ शुरू होगा, जबकि शूटिंग अगले साल जनवरी से शुरू की जाएगी। फिलहाल हीरोइन के लिए कास्टिंग की प्रोसेस जारी है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी सिर्फ आदमखोर जानवरों के शिकार और एक्शन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जंगल, वन्यजीव और इंसान के बीच बदलते रिश्ते को भी कहानी का अहम हिस्सा बनाया गया है।

'हैवान' के लिए भी अक्षय ही आगे आए थे...

वहीं अक्षय-प्रियदर्शन की 'हैवान' भी जल्द ही रिलीज होने वाली है। प्रियदर्शन ने कहते हैं...'इस फिल्म की स्क्रिप्ट कई एक्टर्स के पास से गुजरी, सभी ने इंकार कर दिया था, मगर अक्षय ने इस रोल के लिए खुद इसमें रुचि दिखाई। जबकि मैंने कभी अक्षय को लेने के बारे में नहीं सोचा था। वह खुद आगे आए और इसका हिस्सा बन गए।'

'समुक' में रुक्मिणी मैत्र की हुई एंट्री

अक्षय के खाते में एक और फिल्म 'समुक' है, जिसकी शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है। अब रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में उनके अपोजिट बंगाली एक्ट्रेस रुक्मिणी मैत्र को फीमेल लीड के तौर पर कास्ट किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन कनिष्क वर्मा कर रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले 'सनक' और 'इनसाइड एज' का निर्देशन किया है। 'समुक' एक सर्वाइवल हॉरर-एलियन थ्रिलर है। इस फिल्म को इंटरनेशनल स्केल पर तैयार किया जा रहा है।



हुंकार : शोषण के खिलाफ अनीत पड्डा ने उठाई आवाज

फिल्म 'सैयारा' से दर्शकों का दिल जीतने वाली अनीत पड्डा अब अपनी आगामी वेब सीरीज 'हुंकार-द रोर' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसका ट्रेलर जारी हो गया है। क्राइम थ्रिलर सीरीज में अनीत पड्डा शोषण के खिलाफ आवाज उठाती हैं। वहीं, फातिमा सना शेख इस मामले की जांच करती हैं। क्राइम थ्रिलर सीरीज 'हुंकार' जियो हॉटस्टार पर आएगी। अनीत साहसी और निर्भीक मीनू की भूमिका में हैं। 17 साल की मीनू अपने खिलाफ होने वाले शोषण का विरोध करती है। मीनू बापजी पर शोषण का आरोप लगाती है, जो बेहद प्रभावशाली शख्सियत है। मामला पुलिस तक पहुंचता है। फातिमा सना शेख पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं। केस की पड़ताल करते हुए कई चुनौतियां मीनू (अनीत) के सामने आती हैं। अपने भी संदेह करने लगते हैं।

फातिमा सना शेख ने की पड़ताल

मीनू के आरोपों की जांच की कड़ी में कई सनसनीखेज खुलासे होते हैं। मुश्किल वक्त में अपने साथ छोड़ते हैं। मगर, मीनू ऐसे विपरीत हालात में भी साहस का परिचय देती और निर्भीक होकर सच बताती है। फातिमा इस सच को साबित करने के लिए सबूत जुटाती हैं। सीरीज का निर्देशन करण डी कपाडिया, नित्या मेहरा और हीराज मरफतिया ने किया है। इसे बिड़ला स्टूडियोज और अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। प्रियंका चोपड़ा इस सीरीज की कार्यकारी निर्माता हैं। 'हुंकार' वेब सीरीज 25 सिंतबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में मोहम्मद जीशान अय्यूब, अर्जुन माथुर, रघुबीर यादव और राम कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं।

फ्रेंच-इंडियन फिल्म 'स्टे' में नजर आएंगी पल्लवी शारदा

अभिनेत्री पल्लवी शारदा जल्द ही फ्रेंच-इंडियन रोमांस फिल्म 'स्टे' में नजर आएंगी। अभिनेत्री का कहना है कि सिनेमा दुनिया का एक ऐसा अजूबा है, जो कैमरा बंद होने के बाद भी एक्टर्स को क्रिएशन के भंवर में खींच लेता है। पल्लवी ने इंस्टाग्राम पर पब्लिकेशन की तरफ से गई अनाउमेंट को शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस फिल्म में सायली नाम की एक तलाकशुदा महिला के किरदार में नजर आएंगी, जो भारत में रहती है और जिसे अपने पिता की सफल कंपनी को संभालने के लिए तैयार किया गया है। पेरिस की एक ट्रिप के दौरान उसे लियो से प्यार हो जाता है, जो एक डिलीवरी ड्राइवर है और एक्टर बनने का सपना देखता है। उनके रिश्ते की परीक्षा परिवार के दबाब, क्लास के फर्क और फ्रांस-भारत में उनकी जिंदगियों को अलग करने वाली आर्थिक और सांस्कृतिक हकीकतों से होती है।

अभिनेत्री फिल्ममेकर रोहेना गेरा के साथ अपने लेटेस्ट प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए लिखा, 'आप फिल्म बनाते और बेचते हैं। यही तरीका है, लेकिन किसी भी फिल्म के मूल में एक आइडिया, एहसास, वाइब्रेशन होता है। हम बस उसे जिंदा करने में मदद करते हैं। इस फिल्म से पहले जब भी मुझे रोहेना के साथ जूम पर बात करने का मौका मिला, तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि हमने एक महिला के तौर पर अपने एहसासों और हमारे आसपास की कहानियों पर गहराई से बात की, जो अलग-अलग देशों और संस्कृतियों में काम कर रही हैं।' उन्होंने लिखा, 'लगातार दो संस्कृतियों के बीच झूलने की अजीबोगरीब स्थिति को समझने की कोशिश की। फिल्में एक अजीब दुनिया हैं। ये आपको क्रिएशन के भंवर में खींच लेती हैं, जिसका एहसास कैमरा बंद होने के बाद भी उतना ही रहता है। सेट के बीच के ठहराव में कभी-कभी खालीपन, बेचैनी महसूस होती है लेकिन साथ ही सब कुछ जुड़ता भी है। एक एक्टर के लिए हर फिल्म का अनुभव आपको अपने अंदर इतना गहरा ले जाता है कि उसे समझने के लिए बीच में ठहराव की जरूरत होती है। मैं अभी भी इस फिल्म को समझ रही हूं।'

'द रिवोल्यूशनरीज' ने एक्ट्रेस के तौर पर मेरी परीक्षा ली

एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा ने बताया कि 'द रिवोल्यूशनरीज' उन प्रोजेक्ट्स में से एक था, जिसमें एक एक्ट्रेस के तौर पर उनसे बहुत कुछ करने की उम्मीद की गई थी। प्रतिभा ने रविवार को 'प्रतिभा लाहिड़ी' का किरदार निभाने और उससे मिली सीख के बारे में एक भावुक पोस्ट लिखा। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं कभी भी 'द रिवोल्यूशनरीज' के बारे में बिना भावुक हुए बात कर पाऊंगी। यह एक ऐसा प्रोजेक्ट था जिसने एक एक्टर के तौर पर मुझसे बहुत कुछ मांगा और बदले में मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया। मुझे ऐसे सीन करने को मिले, जो मैं हमेशा से करना चाहती थी, ऐसे सीन जिन्होंने मेरी परीक्षा ली, मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और मुझे खुद के उन पहलुओं को खोजने में मदद की, जिनके बारे में मुझे पता भी नहीं था कि मैं उन्हें किसी किरदार में ला सकती हूं।'

उन्होंने आगे कहा, 'प्रतिभा लाहिड़ी के जरिए मुझे ऐसी महिलाओं को महसूस करने और उन्हें पर्दे पर उतारने का मौका मिला जो गहराई से प्यार करती हैं, बहुत सारी जिम्मेदारियां उठाती हैं, और फिर भी आगे बढ़ने और मजबूत बने रहने का रास्ता ढूंढ लेती हैं। महिलाएं जिस तरह से अपनी जिंदगी को संभालकर रखती हैं, उसमें एक शांत मजबूती होती है, और प्रतिभा के जरिए उस पहलू को समझने का मौका मिलने के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी।' प्रतिभा ने इस किरदार के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए डायरेक्टर निखिल आडवाणी का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने आगे कहा, 'निखिल आडवानी, प्रतिभा का किरदार मुझ पर सौंपने और मुझे इस खूबसूरत दुनिया का हिस्सा बनाने के लिए आपका शुक्रिया। जब मैं अपने पहले फिल्मफेयर अवॉर्ड और जिस तरह से सब ने मेरा हौसला बढ़ाया, उसके बारे में सोचती हूं तो मैं अब भी भावुक हो जाती हूं। निखिल सर, आपको मेरे लिए चीयर करते और उस पल को मेरे साथ सेलिब्रेट करते देखना एक ऐसी याद है जिसे मैं हमेशा अपने साथ संजोकर रखूंगी।' इस शो के म्यूजिक के बारे में बात करते हुए प्रतिभा ने बताया कि 'और आएंगे' इस सीरीज के उनके सबसे पसंदीदा गानों में से एक है।

प्रतिभा ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, 'अब भी सब कुछ महसूस कर रही हूं। अब भी थोड़ी भावुक हूं और सबसे ज्यादा इस प्रोजेक्ट, इस किरदार, इस टीम और 'द रिवोल्यूशनरीज' को मिले इतने प्यार के लिए मैं बहुत आभारी हूं।

हमें ऐसी कहानी चाहिए जो आज भी मायने रखने वाली साधारण और खूबसूरत बातों की याद दिलाएं

नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस मानसी पारेख, जो अपनी आने वाली गुजराती फिल्म 'मित्रताः फ्रेंडशिप नी लव स्टोरी' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने उन कहानियों की अहमियत के बारे में बात की है, जो हमें उन साधारण और खूबसूरत चीजों की याद दिलाती हैं जो आज भी मायने रखती हैं। इस फिल्म में विराज घेलानी, दीप वैद्य और विशाल पारेख भी हैं। यह दोस्ती के विषय पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया गया, जिसमें 3 दोस्तों की जिंदगी और उनके बीच के रिश्तों को दिखाया गया है। फिल्म दोस्ती के कई पहलुओं और जिंदगी के बदलते दौर में मजबूत होने वाले रिश्तों को दिखाती है। फिल्म के बारे में बात करते हुए सोल सूत्र के प्रोड्यूसर मानसी पारेख और पार्थिव गोहिल ने कहा, ''मित्रता' के केंद्र में एक बहुत ही सरल और आम भावना हैः दोस्ती। आज के निराशावादी दौर में हमें ऐसी कहानियों की जरूरत है जो हमें उन सरल, खूबसूरत चीजों की याद दिलाएं जो आज भी मायने रखती हैं, और दोस्ती उनमें से एक है। हम सभी की जिंदगी में ऐसे लोग होते हैं, जिन्होंने हमारे अलग-अलग रूप देखे हैं और हर हाल में हमारे साथ रहे हैं। ओनिल ने उस भावना को एक ऐसी दुनिया में उतारा है, जो मनोरंजक, गर्मजोशी से भरी और भावनाओं से भरपूर है। हम आखिरकार दर्शकों के साथ 'मित्रता' की दुनिया को साझा करने के लिए उत्साहित हैं।' यह फिल्म उनकी गुजराती ब्लॉकबस्टर 'झमकूड़ी' के बाद एक्ट्रेस और उनके (को-स्टार) के फिर से साथ आने का मौका है।

विराज घेलानी ने कहा, 'दोस्ती शायद उन कुछ रिश्तों में से एक है जहां आप बिना किसी दिखावे के खुद जैसे हो सकते हैं, और यही बात 'मित्रता' को इतना अपना-सा बनाती है। फिल्म में दोस्तों के ग्रुप से उम्मीद की जाने वाली मजाक-मस्ती और पागलपन तो है ही, लेकिन इसमें कुछ शांत पल भी हैं जो आपको याद दिलाते हैं कि ये रिश्ते इतने मायने क्यों रखते हैं। सेट पर हम सभी के बीच की एनर्जी बहुत नैचुरल थी, और मुझे लगता है कि यह ट्रेलर में भी झलकती है। मैं सच में उत्साहित हूं कि दर्शक इन किरदारों से मिलें और उनके सफर का अनुभव करें।' फिल्म ने अमित त्रिवेदी द्वारा कंपोज किए गए 'मित्रता एंथम' के साथ पहले ही लोगों में उत्सुकता पैदा कर दी है, जो कहानी के केंद्र में दोस्ती की भावना को दर्शाता है। गाने की लाइन 'तारी मारी दोस्ती' सोशल मीडिया पर तुरंत हिट हो गई है और दर्शक अपने दोस्तों के ग्रुप के साथ इसके स्टेप्स को रीक्रिएट कर रहे हैं। सोल सूत्र द्वारा प्रस्तुत, इस फिल्म के डायरेक्टर ओनिल कार्निक हैं, इसे पार्थिव गोहिल और मानसी पारेख ने प्रोड्यूस किया है, और यह 25 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी मोर्निंग सिटी मल्टीमीडिया प्रा.लि. मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), पुरराज प्रिंट एंड पैकिंग प्रा. लि., ई - 19 सेक्टर 6 नोएडा , गौतमबुद्धनगर से छपवाकर शॉप न. - 307 , 308 एल्फा - 1 नीलकंठ प्लाजा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-morningcityinput@gmail.com।